हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 214, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 5 फरवरी, 2024 दिन सोमवार | गाजीपुर/वाराणसी

## हम विकास की नीति पर काम करते हैं : प्रधानमंत्री

### पीएम मोदी ने असम में 11,600 करोड़ की परियोजनाओं की रखी नींव

असम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम दौरे के दूसरे दिन रविवार को गुवाहाटी के खानापारा वेटनरी फील्ड में पहुंचे। यहां पीएम ने 11,600 करोड़ रुपए के परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम ने यहां विशाल जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने जनता से कहा कि जिन परियोजनाओं की आज उन्होंने नींव रखी है, उनसे आने वाले समय में काफी रोजगार बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास और विरासत हमारी सरकार की नीति है।



असम में डबल इंजन की सरकार सिर्फ विकास की नीति पर काम करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "आज मुझे एक बार फिर मां कामाख्या के आशीर्वाद से असम के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट्स आपको सौंपने का सौभाग्य मिला है। थोड़ी देर पहले यहां 11 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। ये सारे प्रोजेक्ट असम और नॉर्थईस्ट के साथ ही दक्षिण एशिया के दूसरे देशों के साथ इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी को और मजबूत करेंगे।" प्रधानमंत्री ने कहा, "मैं कल शाम को यहां आया, जिस प्रकार से गुवाहाटी के लोगों ने सड़कों पर आकर स्वागत-सम्मान किया, सभी हमे आशीर्वाद दे रहे थे। मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैंने ळश पर देखा कि आप लोगों ने लाखों दीप जलाए। आपका ये प्यार और अपनापन मेरी बहुत बड़ी अमानत है।" पीएम ने कहा, "अयोध्या में भव्य आयोजन के बाद मैं अब यहां मां कामाख्या के द्वार पर आया हूं। आज मुझे यहां मां कामाख्या दिव्यलोक परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दिव्यलोक की जो कल्पना की गई है, मुझे उसके बारे में विस्तार से बताया गया है। जब ये बनकर पूरा होगा तो ये देश और दुनिया भर से आने वाले मां के भक्तों को असीम आनंद से भर देगा।"

पीएम ने कहा, "हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान, ये सिर्फ दर्शन करने की स्थली ही नहीं हैं। ये हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां हैं। भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे खुद को अटल रखा, ये उसकी साक्षी है। कोई भी देश अपने अतीत को मिटाकर, भुलाकर, कभी विकसित नहीं हो सकता। मुझे संतोष है कि बीते 10 वर्षों में अब भारत में स्थितियां बदल गई हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने 'विकास और विरासत' को अपनी नीति का हिस्सा बनाया है।" मोदी ने असम सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि असम में भाजपा की सरकार से पहले केवल 6 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज यहां 12 मेडिकल कॉलेज हैं। असम आज नॉर्थ ईस्ट में कैंसर के इलाज का बहुत बड़ा केंद्र बन रहा है।

पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने यहां विकास पर होने वाले खर्च को 4 गुना बढ़ाया है। 2014 के बाद रेलवे ट्रैक की लंबाई 1900 किमी से ज्यादा बढ़ाई गई। 2014 से पहले की तुलना में रेल बजट करीब 400% बढ़ाया गया है। 2014 तक यहां सिर्फ 10,000 किमी नेशनल हाईवे हुआ करते थे। पिछले 10 वर्षों में ही हमने 6,000 किमी के नए नेशनल हाइवे बनाए हैं। पीएम ने कहा कि आज पूरा देश कह रहा है कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। मैंने गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों को मूल सुविधाएं देने की गारंटी दी है। आज इनमें से अधिकतर गारंटियां पूरी हो रही हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार हर लाभार्थी तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य हर नागरिक का जीवन आसान बनाने का है। इससे पहले पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत हुआ। बड़ी संख्या में पहुंची भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया।

### मेघालय में भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.5 मापी गई; फिलहाल कोई नुकसान नहीं

नई दिल्ली। मेघालय में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, आज दोपहर 2:37 बजे मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स में भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

## कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर बोला हमला, 10 वर्षों के बेरोजगारी संकट का दिया हवाला

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार पर हमला किया और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का 'मोदी निर्मित नौकरियों का अकाल' पिछले 10 वर्षों के अन्याय काल की चरम सीमा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सरकार पर हमला करने के लिए भारतीय श्रम बाजार में रोजगार सृजन में दीर्घकालिक रुझानों के विश्लेषण का हवाला दिया। सोशल मीडिया 'X'(पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट कर उन्होंने कहा, 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, राहुल गांधी लगातार युवा न्याय (युवाओं के लिए न्याय) की तात्कालिकता पर प्रकाश डाल रहे हैं। देश में नौकरियों का अकाल अर्थव्यवस्था के मोदानी-करण के कारण हुआ है।'




**'10 वर्षों के बेरोजगारी संकट को उजागर करता'**- कांग्रेस नेता ने दावा किया कि 'भारत के बेरोजगारी संकट का एक नया विश्लेषण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तहत पिछले 10 वर्षों के बेरोजगारी संकट को उजागर करता है। रमेश ने कहा कि 10 साल पहले की तुलना में, कम लोग काम कर रहे हैं, युवा सबसे अधिक प्रभावित हैं और नौकरियों में बहुत कम वेतन मिल रहा है।' विश्लेषण का हवाला देते हुए, रमेश ने दावा किया कि जिन भारतीयों के पास नौकरियां हैं उनका प्रतिशत अभी भी 10 साल पहले की तुलना में कम है। उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी दर चरम पर पहुंच गई है और आज आठ प्रतिशत से ऊपर है, जो 10 साल पहले के चार प्रतिशत से कहीं अधिक है।'

**कमाई में बिल्कुल भी वृद्धि नहीं हुई**- रमेश ने आगे कहा कि 30 से अधिक वर्षों में पहली बार, प्रधानमंत्री मोदी वेतन पाने वाले श्रमिकों की हिस्सेदारी को कम करने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पिछली सरकार के दौरान यह लगातार 15 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 25 प्रतिशत हो गया था, लेकिन अब वापस 22 प्रतिशत पर आ गया है।' रमेश ने दावा किया कि मोदी सरकार के तहत कमाई में बिल्कुल भी वृद्धि नहीं हुई है। वेतनभोगी श्रमिकों की कमाई पांच साल पहले की तुलना में 12 प्रतिशत कम है, जबकि ग्रामीण मजदूरों की आय 5 प्रतिशत कम है।

**अडानी को अमीर बनाने का आरोप**- रमेश ने कहा, 2014 में 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ अडानी दुनिया के 609वें सबसे अमीर व्यक्ति थे। हालांकि, 10 वर्षों के 'मोदी जादू' के साथ, उनकी संपत्ति 10 गुना बढ़कर 80 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई और वह दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। प्रधानमंत्री ने उदारतापूर्वक अडानी को छह हवाई अड्डे, बिजली संयंत्र, गैस पाइपलाइन और अब धारावी उपहार में दिए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि 2019 में, मोदी सरकार ने कॉर्पोरेट करों में 25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे प्रति वर्ष 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

## ज्ञानवापी केस में दो अहम फैसले देने वाले रिटायर जज विश्वेश बोले- 'भावनाओं पर नहीं, साक्ष्य व कानून ही होते हैं फैसले का आधार'

वाराणसी। ज्ञानवापी मामले में दो महत्वपूर्ण ऐतिहासिक निर्णय देने वाले जनपद न्यायाधीश अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। 3 फरवरी को एक साक्षात्कार में उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में एक न्यायाधीश के रूप में निर्णय पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों, भारतीय कानूनों और विधि के आधार पर लिया गया है। विधिक फैसले भावनाओं के आधार पर नहीं होते।



उन्होंने कहा कि न्यायालय भावनाओं के आधार पर कार्य नहीं करता, वह ठोस सबूतों और अभिलेखों के आधार पर कार्य करता है। इसीलिए जो भी फैसला आया है, वह ठोस सबूतों के आधार पर, पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही है। हम लोग कानून से बंधे हुए हैं, उससे अन्यथा जा ही नहीं सकते। दोनों पक्षों को विस्तार से सुनकर, अभिलेख में उपलब्ध साक्ष्य सामग्री के आधार पर, विधि के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर फैसला दिया गया। अंतिम दिन होने के बाद भी जैसे अन्य मुकदमों में सुनवाई कर निर्णय देता रहा, वैसे ही इस मामले में भी विवेचक द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों के आधार पर निर्णय दिया गया। एक जज की भूमिका में निष्पक्ष होकर ही फैसला देना होता है।

न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश ने ही पहले ज्ञानवापी परिसर के एएसआइ सर्वे का आदेश दिया था। अपनी सेवा के अंतिम दिन उन्होंने व्यासजी के तलगृह में व्यास परिवार को पूजा करने का अधिकार दिया। इसके बाद रात में प्रशासन ने तलगृह खोलकर वहां रखी प्रतिमाओं और स्थल की साफ-सफाई कर विधिवत पूजा आरंभ करा दिया। इसे लेकर नाराज मुस्लिम पक्ष कोर्ट पर भावनाओं के आधार पर फैसला देने का आरोप लगा रहा है।

## बहन की विदाई के दिन भाइयों की उठी अर्थी, परिवार में कोहराम!

प्रखर जफराबाद जौनपुर। क्षेत्र के दरीबा बाईपास के पास रविवार की सुबह एक बाइक पर तीन सवार युवक अपनी मोटर साइकिल लेकर गिर गयें। जिसमें दो युवकों की मौत हो गयी, एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मकदूमपुर ताड़तला निवासी आंनद सोनकर उम्र 15 वर्ष व अमित सोनकर उम्र 16 वर्ष पुत्रगण रामदास व आंनद सोनकर के मौसी का लड़का श्याम बाबू उम्र 19 वर्ष पुत्र संजय सोनकर निवासी हरिहरपुर थाना चंदवक, तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर बाजार से सामान लेने जा रहे थे। दरीबा के पास अपनी बाइक लेकर फिसल गयें जिससे काफी चोट लग गयी। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों घायलों युवकों को जिला चिकित्सालय ले गयी। जहाँ पर चिकित्सकों की टीम ने आंनद सोनकर व श्याम बाबू की मौत होने की पुष्टि की तथा अमित सोनकर घायल है। जिसका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी सुरेंद्र नाथ सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घर का सबसे छोटा लड़का आंनद था। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वही माँ अनिता देवी व परिवार के अन्य लोगों का करुण क्रंदन सुनकर वहां मौजूद सभी लोगों के आँखों से आसूं टपक पड़े। मां अनिता देवी की चीख पुकार से माहौल पूरी तौर से गंभीर नजर आया। लोगों के बीच यही चर्चा होती

**30 जनवरी को थी बहन की शादी, सड़क दुर्घटना में हुई दोनों की मौत, एक गंभीर**

रही कि अब उसके मां - बाप की पहाड़ सरीखी जिंदगी अब कैसे बीतेगी। बताते चले कि खुशी के माहौल में उस समय गम छा गया जब आंनद व श्याम बाबू की मौत की सूचना घर पर पहुंची। 30 जनवरी को घर में आंनद की बहन की शादी थी। आज रविवार को उसकी बिदाई थी। उसके ससुराल वाले बिदाई कराने के लिए आ रहे थे। उसकी के सिलसिले में कुछ सामान को लेने के लिए तीनों युवक बाजार जा रहे थे।

## शिवपाल ने किया पलटवार: बोले- ओवैसी प्रत्याशी का नाम बताएं, अखिलेश से बात करके टिकट दिलवाऊंगा


लखनऊ। सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी राज्यसभा के अच्छे प्रत्याशी का नाम बताएं, उसे टिकट देने के लिए वे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बात करेंगे। मीडियाकर्मियों से बातचीत में वे ओवैसी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि अल्पसंख्यक सपा के लिए सिर्फ दरी बिछाने का काम करेंगे। शिवपाल ने कहा कि वह ओवैसी का काफी सम्मान करते हैं, कोई उचित नाम हो तो वह सुझा सकते हैं। ओवैसी समय-समय पर कांग्रेस और सपा पर मुसलमानों के वोट लेने लेकिन प्रतिनिधित्व ना देने के आरोप लगाते रहे हैं। आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कांग्रेस और सपा पर पसमांदा मुसलमानों को सत्ता के लिए ठगने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा पिछड़े मुस्लिम समाज को



हिस्सेदारी देने का एलान करें तो हम चुनाव में उसे भी समर्थन दे सकते हैं। प्रेस क्लब में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में वसीम राईन ने कहा कि भारत जोड़ो के बाद कांग्रेस की न्याय यात्रा हो या फिर सपा की पीडीए का नया राग, यह सब चुनावी रंग में रंगे नेताओं का शिगूफा है। कांग्रेस व सपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों ने बारी-बारी से 85 फीसदी आबादी वाले पसमांदा मुस्लिम समाज को वोटबैंक बनाकर इस्तेमाल किया है। प्रमुख महासचिव वकार हवारी, संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल कलाम अंसारी ने भी विचार रखे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जिताने की जिम्मेदारी विधायकों को सौंपी है। चुनाव में विधायकों को सक्रिय करने के लिए योगी ने मंडलवार विधायकों की बैठक शुरू की है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में मेरठ मंडल के विधायकों से संवाद किया। उनसे चुनावी चर्चा के साथ ही स्थानीय मुद्दों पर बात की।

## प्रयागराज में कार और ट्रक की जबर्दस्त भिड़ंत में मां-बेटे समेत तीन की मौत, पिता की हालत नाजुक

प्रयागराज। हंडिया थाना क्षेत्र के रसार गांव के पास वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर स्विफ्ट डिजायर कार और ट्रक की भिड़ंत में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा देर रात बरौत इलाके के रसार गांव के पास हुआ। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे का जानकारी परिजनों को दी गई है। सड़क हादसे में कार सवार एक युवक की हालद नाजुक बनी हुई है। कार सवार मिजार्पुर जा रहे थे। हादसे का शिकार परिवार मध्य प्रदेश के खजुराहो का रहने वाला है, जबकि मृतक चालक मिजार्पुर के बिरोही का रहने वाला है। खजुराहो के रहने वाले भागीरथी अपनी पत्नी पूनम (30) और दो वर्षीय बच्चे राम के साथ प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रहे थे। कार को मिजार्पुर के विंध्याचल थाना क्षेत्र के बिरोही गांव का निवासी अभिषेक चौबे (30) चला रहा था। बरौत में हाईवे पर बना ओवरब्रिज मरम्मत के लिए बंद कर दिया गया है। इसके चलते आवागमन वन वे किया गया है। देर रात तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। हादसे में पूनम और उसके बेटे राम सहित चालक अभिषेक चौबे की मौके पर ही मौत हो गई,




जबकि भागीरथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल को उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल भेजा गया है। वरब्रिज खराब होने के कारण रास्ता वन वे हो गया था। बताया जा रहा है कि कार सवार प्रयागराज से मिजार्पुर जा रहे थे।

## रूस दूतावास में रहकर पाकिस्तान को दे रहा था खुफिया जानकारी, हापुड़ निवासी अफसर को यूपी एटीएस ने किया गिरफ्तार!

प्रखर एजेंसी/लखनऊ। प्रदेश की एटीएस टीम को रविवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। यूपी एटीएस ने रूस में रहकर आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा भारतीय एजेंट गिरफ्तार किया है। यह अफसर रूस में भारतीय दूतावास में तैनात है। यूपी एटीएस के अनुसार विदेश मंत्रालय में एमटीएस (मल्टी-टास्किंग, स्टाफ) के पद पर कार्यरत सत्येन्द्र सिवाल को गिरफ्तार किया गया है। उस पर आईएसआई के लिए काम करने का आरोप है। सत्येन्द्र मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास में तैनात है। सत्येन्द्र मूल रूप से हापुड़ जिले का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश एटीएस को गोपनीय विभाग ने सूचना दी थी कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के हैंडलर्स द्वारा कुछ लोगों से विदेश मंत्रालय भारत सरकार के कर्मचारियों को बहला-फुसलाकर और धन का लालच देकर भारतीय सेना से संबंधित भारत की सामरिक व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण गोपनीय व प्रतिषेधक सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं। इससे भारतीय आंतरिक व बाह्य सुरक्षा को बहुत बड़ा खतरा होने की आशंका है। यूपी एटीएस ने इस पर संज्ञान लेते हुए सर्विलांस के माध्यम से नजर रखकर साक्ष्य जुटाए। जांच पड़ताल में सामने आया कि सत्येंन्द्र सिवाल पुत्र




जयवीर सिंह निवासी ग्राम शहमहीउद्दीनपुर थाना हापुड़ देहात, जिला हापुड़ नाम का व्यक्ति जो विदेश मंत्रालय भारत सरकार में एमटीएस के पद पर नियुक्त है और वर्तमान में मास्को रूस में भारतीय दूतावास में कार्यरत है, वह आईएसआई के हैंडलर्स को महत्वपूर्ण जानकारियों मुहैया करा रहा है। खुफिया विभाग की जांच में सामने आया कि वह आईएसआई के हैंडलर्स के संजाल में संलिप्त होकर भारत विरोधी कृत्यों में लिप्त है और महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाओं को उन तक रुपयों के लालच में उपलब्ध करा रहा है। यूपी एटीएस को पुख्ता सबूत मिलने पर सत्येन्द्र सिवाल को एटीएस फील्ड यूनिट मेरठ पर बुलाकर पूछताछ की और उसके द्वारा भेजी गई सूचनाओं के संबंध में जानकारी की गई तो वह सही उत्तर नहीं दे पाया। गहनता से हुई पूछताछ में सत्येन्द्र ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। बताया गया कि सत्येंद्र वर्ष 2021 से मास्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में IBSA(India based security assistant) के पद पर कार्यरत है। आरोपी पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी के पास से मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड व एक पहचान पत्र और 600 रुपये बरामद किए गए हैं।

## इमरान खान को एक और बड़ा झटका, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के 5 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआई के आम चुनाव से कुछ दिन पहले ही बड़ा झटका लगा है। दरअसल इमरान खान के करीबी सहयोगी और उनकी सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी के चुनाव लड़ने पर रोक लग गई है। कुरैशी को बीते दिनों गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। ऐसे में अब पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक वे पांच साल तक चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। पाकिस्तान की स्पेशल कोर्ट ने बीते दिनों गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी को दोषी मानते हुए 10-10 साल जेल की सजा सुनाई थी। अब कोर्ट के उस फैसले को आधार बनाते हुए पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने कुरैशी के पांच साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है। चुनाव आयोग ने बयान में कहा कि मखदूम शाह महमूद कुरैशी को पाकिस्तान के संविधान के तहत चुनाव कानून के अनुच्छेद 63(1) के तहत चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। कुरैशी आगामी 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे। शाह महमूद कुरैशी और इमरान खान पर बीते साल एक रैली के दौरान गोपनीय दस्तावेज लीक करने का दोषी पाया गया था। दरअसल कूटनीतिक चैनल के एक खत को इमरान खान ने रैली में लहराया था और दावा किया था कि उनकी सरकार को गिराने के लिए अमेरिका से साजिश रची जा रही है। उस वक्त शाह महमूद कुरैशी पाकिस्तान के विदेश मंत्री थे। इस मामले में इमरान खान को भी 10 साल जेल की सजा हुई है। इमरान खान को अब तक कुल चार मामलों में सजा हो चुकी है। आठ फरवरी को पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। उससे पहले पीटीआई का आरोप है कि उनकी पार्टी और इसके समर्थकों को प्रताड़ित किया जा रहा है और उन्हें निष्पक्ष तरीके से चुनाव नहीं लड़ने दिया जा रहा है।

## संपादकीय

# केंद्रीय बजट से कितनी खुराक

चुनाव की रखवाली में आए केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में यूं तो आत्म शखघा के कई दरवाजे खुले हैं, लेकिन चेतावनियों के बीच राज्यों के लिए अपना आर्थिक सम्मान हासिल करना कठिन है। खास तौर पर हिमाचल जैसे राज्यों के लिए आफत का यह कठिन दौर न तो केंद्रीय बजट को सूंघ पा रहा है और न ही इसके भीतर खुद को ढांप पा रहा है। ऐसे में सुक्खू सरकार की आर्थिक कसौटियों में प्रदेश के आगामी बजट सत्र का हर कदम परीक्षाओं से भरा है। करीब दो हफ्ते बाद हिमाचल अपने बजट के माध्यम से नए कर्ज को पुकार रहा होगा, तो कहीं केंद्रीय योजनाओं के बीच खुद को निहार रहा होगा। हालांकि सुक्खू सरकार की कुछ प्राथमिकताएं केंद्रीय बजट में संबोधित हुई हैं और इनके सदके सरकार अपने प्रथम वर्ष के आर्थिक हिसाब को दूसरे से मिलाकर नए शब्दों में अभिव्यक्त करना चाहेगी। कोई नहीं जानता कि इस बार देश के आर्थिक सर्वेक्षण का ऊंट किस करवट बैठा है, लेकिन हिमाचल को अपनी हैसियत की कड़ियों में क्षेत्रवार ब्यौरे में इसे सिद्ध करना होगा। केंद्र ने इलेक्ट्रिक वाहनों के जरिए जिस परिवहन को दौड़ाया है, कमोबेश उसी की परिपाटी में सुक्खू सरकार के बजटीय सुर, ग्रीन एनर्जी के गीत सुना रहे हैं। प्रथम वर्ष में ही युवाओं के लिए स्टार्टअप योजना के तहत 680 करोड़ का प्रावधान करके सुक्खू सरकार चल रही है। ई-टैक्सी और ई-बसों की खरीद पर पचास फीसदी सब्सिडी की घोषणा ने करीब ढाई हजार युवाओं को आकर्षित किया है। सुक्खू सरकार आगे चलकर पेट्रोल-डीजल इंजन के बजाय इलेक्ट्रिक टैक्सियों के संचालन को अनुमति देना चाहती है। ऐसे में राष्ट्रीय-अभियान से हिमाचल अपने हिस्से की संभावना को भी पूरा कर दे, तो आत्मनिर्भरता के खाकों में कुछ तो नूर आएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट वैकल्पिक ऊर्जा के रास्ते से नागरिकों को छत के माध्यम से सौर ऊर्जा पैदा करने का आह्वान कर रहा है। यहां भी हिमाचल ने इस प्रकार की योजनाओं की व्याख्या से सौर ऊर्जा के उत्पादन को सुनिश्चित किया और आगे चलकर यह रास्ता भी खुशामदीद कह सकता है। डेयरी उत्पादन में केंद्र की योजनाओं को अवतरित करने की कोशिश में हिमाचल ने पहले ही गारंटियों की मुद्रा धारण की है। बात सिर्फ गोबर खरीद की नहीं, बल्कि दूध खरीद में प्रति किलो छह रुपए बढ़ा कर राज्य सरकार इस क्षेत्र को प्रोत्साहित कर रही है, जबकि ढगवार में करीब डेढ़ सौ करोड़ की राशि से एक अति आधुनिक संयंत्र लगा कर खरीद और विपणन की श्रृंखला को विभिन्न दुग्ध उत्पादों के जरिए सशक्त करने के प्रयास में है। हिमाचल ने मोदी सरकार के बजट को विकास के हर पहलू, वित्तीय प्रोत्साहन के हर बिंदु, विषयों के हर अवसर और संभावनाओं के हर अक्स में सुना होगा, लेकिन पर्यटन और कनेक्टिविटी की दृष्टि के हर उल्लेख से पर्वतीय प्रदेश को अपनी वर्जनाएं तोड़ने का एहसास करने का अवसर मिलना चाहिए। केंद्र अपनी उड़ान योजना के तहत भारतीय विमानन क्षेत्र में जो उपलब्धियां अर्जित करना चाहता है, उनके ठीक सामने सुक्खू सरकार हर जिला मुख्यालय व प्रमुख शहरों में हेलिपोर्ट बनाने की प्रक्रिया को पहले ही आयाम तक पहुंचा चुकी है। सरकार ने चार हेलिपोर्ट को 13 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी है, जबकि अन्य की प्रक्रिया जारी है। देश की तीन कंपनियों ने कुछ हेलिपोर्ट के बीच कनेक्टिविटी जोड़ते हुए सेवाएं शुरू करने में रुचि दिखाई है। हिमाचल सरकार ने आते ही कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार को राज्य परियोजना का दर्जा देकर इसे भू-अधिग्रहण के अंतिम दौर में पहुंचा दिया है, जबकि पर्यटन राजधानी के प्रारूप में कुछ नए सपने, नए संकल्प और नई आशाएं जाग्रत हुई हैं। धर्मशाला में विश्व स्तरीय कानवेंशन सेंटर के निर्माण से कान्फ्रेंस टूरिज्म के राष्ट्रीय उद्बोधन में हिमाचल अपने दस्तावेज पुख्ता कर पाएगा।

## है प्रतिष्ठा दांव पर!



भाग रहे विधायक ।
छान रहे हैं खाक ।।
छिप छिपाकर रखे गए ।
कट ना जाए नाक ।।
है प्रतिष्ठा दांव पर ।
रहे सब निहार ।।
बनना है इन्हें आगे ।
औरों की पतवार ।
भेद ना जाए खुल ।
है इसका भी ध्यान ।।
है उतारना कर्ज. ।
बन जाना महान ।।
खेल लुकाछिपी का ।
हो शायद अब बंद ।।
महत्वपूर्ण घटनाक्रम ।
हैं घंटे कुछ चंद ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# आमदनी अठन्नी खर्च रुपय्या की नीति पर चलने वाले राहुल गांधी सरकार को अर्थव्यवस्था पर ज्ञान ना ही दें तो अच्छा है

**नीरज कुमार दुबे**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर जैसे ही निकले वैसे ही उनकी पार्टी और इंडी गठबंधन से नेताओं और दलों का निकलना शुरू हो गया। राहुल गांधी के यात्रा पर निकलने से पहले ही मिलिंद देवड़ा कांग्रेस छोड़ गये। राहुल गांधी अपनी यात्रा लेकर बिहार पहुँचते उससे पहले ही नीतीश कुमार गठबंधन का साथ छोड़ गये। राहुल गांधी बंगाल पहुँचे तो ममता बनर्जी ने भी गठबंधन से अलग होने का संकेत देते हुए कांग्रेस को सुना डाला कि उसकी 40 लोकसभा सीट जीतने की भी औकात नहीं है लेकिन फिर भी अहंकार कूट-कूट कर भरा है। राहुल गांधी अभी उत्तर प्रदेश पहुँचे नहीं हैं लेकिन उससे पहले ही वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम कांग्रेस छोड़ने की तैयारी में हैं। राहुल गांधी अभी महाराष्ट्र नहीं पहुँचे हैं लेकिन उससे पहले ही प्रकाश अंबेडकर की पार्टी इंडी गठबंधन छोड़ने की तैयारी में है। राहुल गांधी अभी दिल्ली और पंजाब नहीं पहुँचे हैं लेकिन उससे पहले ही आम आदमी पार्टी भी इंडी गठबंधन से दूरी बनाने के जतन करने लगी है। सवाल उठता है कि जो नेता अपनी पार्टी और गठबंधन को जोड़े नहीं रख पा रहा है, जो नेता अपने ही नेताओं को न्याय नहीं दे पा रहा है वह दूसरों को क्या जोड़ेगा और क्या न्याय देगा? यहां एक बात और गौर करने लायक है कि एक ओर जहां राहुल गांधी भारत को जोड़ने की बात कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर उनकी पार्टी के सांसद डीके सुरेश भारत को तोड़ने की बात कर रहे हैं।



यहां सवाल राहुल गांधी की राजनीति ही नहीं बल्कि उनकी राजनीतिक परिपक्वता पर भी है। जब लोकसभा चुनाव सिर पर हैं और सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे से लेकर चुनावी अभियानों की रूपरेखा बनाने जैसे मुद्दों पर दिल्ली में बैठकर रणनीति बनाने की जरूरत है तो राहुल गांधी दूसरे प्रदेशों में यात्रा निकाल रहे हैं। जब संसद का बजट सत्र चल रहा है और वर्तमान लोकसभा में यह मोदी सरकार को घेरने का आखिरी और बड़ा मौका है तो राहुल गांधी दिल्ली में ना होकर दूसरे प्रदेशों में यात्रा निकाल रहे हैं। यहां सवाल यह भी उठता है कि जब कांग्रेस के पास पैसा ही नहीं आ रहा है तो राहुल गांधी पार्टी की जमापूंजी को भी क्यों उड़ाने में लगे हुए हैं? हम आपको बता दें कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कांग्रेस को 452.30 करोड़ रुपये का कुल चंदा मिला लेकिन उसमें से राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गयी भारत जोड़ो यात्रा पर 71.80 करोड़ रुपये खर्च हो गये। अब जब लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस को पैसों की जरूरत है तो राहुल गांधी अपनी यात्रा का दूसरा पार्ट निकाल रहे हैं जिस पर भारी भरकम खर्च आ रहा है। राहुल गांधी की पहली यात्रा पर औसतन प्रतिदिन 49 लाख रुपये से ज्यादा का खर्च आया था जोकि कांग्रेस पार्टी के सालाना होने वाले खर्चों का 15 प्रतिशत बैठता है। बताया जा रहा है कि इस बार भी औसतन प्रतिदिन खर्च उतना ही आ रहा है। यानि आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपय्या। इसलिए अर्थव्यवस्था पर सरकार को बड़ा-बड़ा ज्ञान देने वाले राहुल गांधी को बताना चाहिए कि वह अपनी पार्टी की आर्थिक सेहत को क्यों बिगाड़ने पर तुले हैं?

जहां तक इंडी गठबंधन की बात है तो सबको दिख ही रहा है कि यह टूट की कगार पर पहुँच चुका है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जब अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखा था तब कुछ लोगों ने आपत्ति जताई थी लेकिन कांग्रेस ने उनको खारिज करते हुए 'जीतेगा इंडिया' स्लोगन दे दिया था। अब जब यह गठबंधन टूट की कगार पर है तो कहा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन बिखर गया, इंडिया गठबंधन धराशायी। जरा सोचिये इंडिया नाम के साथ ऐसी उपमाएं सुन कर और पढ़ कर कितना दुख होता है। जो लोग कहते थे कि इंडिया की बजाय इंडी गठबंधन बोलने वाले लोग गोदी मीडिया हैं शायद उनको भी आज समझ आ गया होगा कि इंडी नाम क्यों बोला जा रहा था। इंडी इसलिए बोला जा रहा था क्योंकि इस गठबंधन का यह हश्र होना पहले से नजर आ रहा था, इसलिए देश के नाम के साथ टूटने या बिखरने जैसा शब्द जोड़ना पड़े इससे बचने के लिए पहले से ही इंडी गठबंधन लिखा और बोला जा रहा था। बहरहाल, इंडी गठबंधन के हश्र को देखते हुए सरकार को कोई व्यवस्था करनी चाहिए ताकि भविष्य में गठबंधन बनाने वाली पार्टियां देश के नाम पर गठबंधन नहीं बना सकें।

# नीतीश कुमार ने जो चाल चली है... उसके असल परिणाम अभी आने बाकी हैं

**उमेश चतुर्वेदी**

भारतीय गांवों का एक खेल है, दोल्हा-पाती। इसमें खिलाड़ी अपने को बचाने के लिए लगातार एक डाल से दूसरी डाल पर फांदते-कूदते रहते हैं। इस तरह वे खुद को खेल के नियम के अनुसार बचाने की कोशिश करते रहते हैं। वैसे तो यह खेल भारत के तकरीबन हर इलाके के गांवों में प्रचलित है। लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में यह खेल कुछ ज्यादा ही प्रचलित रहा है। शायद यही वजह है कि बिहार की नौंवी बार कमान संभाल चुके नीतीश कुमार को लेकर दोल्हा-पाती के खिलाड़ी जैसी अवधारणा बन गई है। करीब एक दशक में जिस तरह चार बार नीतीश कुमार ने गठबंधन बदला, अपने साथी बदले, वह कूद-फांद का ही रूप है।

दिलचस्प है कि नैतिकता और मयार्दा की सबसे ज्यादा दुहाई राजनीति देती है, लेकिन नैतिकताओं और मयार्दाओं का भंजन सबसे ज्यादा राजनीति ही करती है। नीतीश, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी, कम से कम बिहार के संदर्भ में तीनों ही इसी प्रवृत्ति के उदाहरण बनकर सामने आए हैं। 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया था, नीतीश कुमार ने उन्हें सांप्रदायिक करार देते हुए उस आठ साल से जिस पार्टी के साथ सत्ता चला रहे थे, उस भाजपा का दामन छोड़ दिया था। इसके पहले भी वे नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी सोच को जाहिर कर चुके थे। साल 2008 में जब कोसी नदी ने समंदर का रूप धर लिया था, तब गुजरात से बिहार पहुंची राहत की खेप को नीतीश ने बैरंग वापस करा दिया था। क्योंकि उस वक्त उनकी नजर में सांप्रदायिक नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

2013 में नीतीश कुमार ने उस लालू का दामन थाम लिया, जिनके विरोध में उन्होंने 1994 में जनता दल छोड़कर जार्ज फर्नांडिस की अगुआई में समता पार्टी बनाई थी। भाजपा के साथ 1996 में समता पार्टी ने जो गठबंधन किया, उसका नतीजा ही रहा कि 2005 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश की अगुआई में लालू यादव की लगभग अजेय समझी जाने वाली सत्ता को उखाड़ फेंका गया। तब नीतीश ने नया इतिहास रचा, लेकिन इसमें सहयोग बीजेपी का भी रहा। नीतीश-भाजपा की सरकार ने 2006-2010 के दौरान बिहार की कार्यशैली बदली, कानून-व्यवस्था को बेहतर किया और कई कीर्तिमान रचे। इसका असर यह हुआ कि 2010 के विधानसभा चुनावों में लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी पराजय हुई। ऐसा माना जाने लगा कि लालू यादव की पार्टी अब खत्म हो जाएगी। लेकिन नीतीश कुमार ने 2013 में पलटी मारी और इसके बाद 2015 में हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनता दल को जैसे जीवनदान मिल गया। लेकिन नीतीश को लालू का यह साथ ज्यादा दिन रास नहीं आया। हालांकि इस बीच बिहार के जीन को लेकर नीतीश कुमार ने ऐसा अभियान चलाया कि बोरे में भरकर बिहार के लोग अपने बाल नरेंद्र मोदी के पते पर भेजते रहे। तब बिहारी लोगों का बाल उनकी शुद्ध बिहारी जीन का प्रतीक था।

लालू बेशक नीतीश के सहयोगी बने, लेकिन वे 1994 की दगाबाजी नहीं भूले। धीरे-धीरे शासन में लालू परिवार का दबदबा बढ़ा तो नीतीश ने 2017 में फिर बीजेपी का साथ ले लिया। इसका उन्हें 2019 के आम चुनावों में फायदा भी हुआ। उनके 16 सांसद चुने गए। बीजेपी को अपनी पुराने 22 सांसदों में से कुछ के टिकट काट कर उनकी सीट जनता दल यू को देनी पड़ी। इसी गठबंधन ने 2020 का विधानसभा चुनाव भी लड़ा। इस चुनाव में लोकजनशक्ति-रामविलास गुट के नेता चिराग ने सिर्फ जनता दल यू की सीटों पर ही अपने उम्मीदवार उतारे और 2005 के बाद पहली बार नीतीश की पार्टी को सबसे कम यानी 5 सीटें मिलीं। नीतीश ने इसे बीजेपी का खेल माना और 10 अगस्त 2022 को बीजेपी का साथ छोड़ उस आरजेडी का दामन थाम लिया, जिसके नेता तेजस्वी यादव ने उन्हें पलटू चाचा की उपाधि दी थी। बिहार में 28 जनवरी 2024 को नीतीश ने फिर पाला बदल लिया और उनके लिए सारे दरवाजे बंद करने का बार-बार दावा करने वाली बीजेपी ने बदले हालात में उनके लिए दरवाजे खोल दिए। नीतीश भी अपना वह बयान भूल गए कि मर जाएंगे, लेकिन बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। इसके बाद नीतीश कुमार की छवि पलटू बाबा के रूप में स्थायी हो गई।

राजनीति दरअसल समूचा शीर्ष नेतृत्व का खेल है। दिलचस्प यह है कि शीर्ष नेतृत्व सारे कदम अपने कार्यकताओं और आम लोगों की भावनाओं के नाम पर उठाती है। जब भी कोई गठबंधन टूटता है तो घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता पुराने साथी को दुश्मन मानकर उसके खिलाफ दुश्मनी की हद तक हमलावर हो जाते हैं।

## कोई भी राष्ट्र तेज गति से तभी आगे बढ़ सकता है जब वह पुरानी चुनौतियों को परास्त कर अपनी ऊर्जा भविष्य निर्माण में लगाए: सीमा द्विवेदी

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी की एक प्रेस वार्ता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। मुख्य वक्ता राज्य सभा सदस्य सीमा द्विवेदी रही उन्होंन कहा कि पिछले 10 वर्ष में देश की महिलाएं सशक्त हुई हैं। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो गई है और ग्रामीण क्षेत्रों में चार लाख किलोमीटर नई सड़कें बनाई गई हैं।वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारत लगातार दो तिमाही से सबसे तेजी से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना है तथा भारत की विकास दर 7.5% से अधिक रही है। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह थी कि भारत, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना। भारत की मजबूत वैश्विक स्थिति ऐतिहासिक जी-20 शिखर सम्मेलन के सफलतापूर्वक आयोजन में स्पष्ट रूप से देखी गयी। कुछ साल पहले भारत खिलौने आयात करता था, आज मेड इन इंडिया खिलौने निर्यात कर रहा है। भारत का डिफेंस प्रोडक्शन एक लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। आज हर भारतीय, देश में बने एयरक्राफ्ट करियर क्ठर विक्रांत को देखकर, गर्व से भरा हुआ है। लड़ाकू विमान तेजस अब हमारी वायुसेना की ताकत बन रहे हैं। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संदीप सरोज जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ,अवधेश सोनकर उपस्थित रहें।




# आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला रहा इस बार का आम बजट

**सुरेश हिंदुस्तानी**

केंद्र सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट प्रस्तुत कर दिया है। इस बजट में हालांकि कोई व्यापक परिवर्तन नहीं किया है, लेकिन जिस प्रकार पिछले बजट के कारण भारत की दशा और दिशा सुधरी हुई दिखाई देती है, वैसी ही राह का अनुसरण इस बार के बजट में किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बजटों के माध्यम से भारत ने अर्थ व्यवस्था के मामले में नए कीर्तिमान बनाते हुए एक वैश्विक आयाम स्थापित किया है। जिसकी चर्चा पूरे देश में तो है ही, साथ विश्व के अनेक देश भारत के इन आर्थिक कदमों की प्रशंसा कर रहे हैं। कोरोना काल में जहां एक ओर विश्व के अनेक बड़े देशों की अर्थ व्यवस्था धराशायी हो गई थी, वहीं भारत ने सीना चौड़ा करके एक ऐसी राह का निर्धारण किया, जो भारत को विकसित बनाने में समर्थ है। इस बार का बजट भी निश्चित ही भारत को गरीबी से उबारने का सामर्थ्य पैदा करने वाला ही कहा जाएगा, क्योंकि इस बजट में केंद्र सरकार ने उन बातों पर पुनः फोकस किया जो भारत की गरीब जनता के लिए प्रगति का द्वार खोलती हैं।

केंद्र सरकार भारत की जनता को जातियों के आधार पर नहीं देखती। उसकी नजर में देश में केवल चार ही जातियां हैं। जिसमें किसान, युवा, महिला एवं गरीब ही आते हैं। यह किसी भी जाति का क्यों न हो इसके लिए इस बजट में भी ध्यान रखा गया है। वास्तव में जिस देश में यह चार वर्ग सशक्त हो जाएं तो उस देश को प्रगति की राह पर जाने से कोई नहीं रोक सकता। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने विकास के रास्ते पर दौड़ लगाई है। इस देश में अब तक करोड़ों वास्तविक गरीबों को आवास मिला है। इसके पूर्व सरकारी सुविधा से निर्मित आवासों में बंदरबांट होता रहा है। जिसमें कई आवास नेताओं के परिजनों को ही मिल जाते थे, जो एक बड़े घोटाले का रूप ले चुका था। केंद्र की मोदी सरकार ने इसमें पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए उन्हीं गरीबों को आवास उपलब्ध कराए, जिनको वास्तव में जरूरत थी। यह आवास हर वर्ग को उपलब्ध कराए, फिर चाहे वह हिन्दू हो अथवा मुसलमान। सरकार भारत की समस्त जनता को अपना परिवार मानकर कार्य कर रही है। उसका नारा भी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास ही है। इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने प्रावधान किया है कि आगामी समय में देश के गरीब समाज को गरीबी से बाहर निकालने के लिए दो करोड़ आवास निर्मित किए जाएंगे। इससे जिन मजदूरों की आय का बड़ा हिस्सा मकान किराए के रूप में व्यय होता था, उससे बचा जा सकेगा। मोदी सरकार का यह कदम मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला ही कहा जाएगा। इसलिए इस बजट को मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला भी कहा जा रहा है।




## काशी द्वार के विरोध में उतरे प्रभावित किसान, करेंगे आमरण अनशन

पिंडरा। काशी द्वार योजना के विरोध में प्रभावित गांव के किसानों ने आंदोलन का ऐलान किया है।किसानो ने कहाकि जान दे देंगे लेकिन जमीन किसी भी कीमत पर नही देगे। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले रविवार को रमईपुर सब्जी मंडी में प्रभावित गांव के किसानों की हुई पंचायत में काशी द्वार योजना को रदद करने की मांग की गई। किसानों ने कहा कि उपजाऊ भूमि को लेकर सरकार किसानों को उजाड़ रही है। दूसरी तरफ भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों को प्रशासन द्वारा नोटिस मिलने के बाद प्रभावित गावो के किसानों में हड़कम मच गया है। मानापुर, कथौली, रघुनाथपुर, बेलवां , समोगरा गांव के किसानों ने पंचायत कर चेतावनी देते हुए कहाकि योजना को निरस्त नहीं किया तो किसान आरपार की लड़ाई के लिए मजबूर होंगे है। पंचायत में तय हुआ है कि किसान पहले बड़ी तादात में पदयात्रा निकालेंगे और तहसील परिसर में आमरण अनशन करेंगे। किसान पंचायत में प्रमुख रूप से सन्तोष कुमार पटेल, प्रेम कुमार,फत्तेनारायण सिंह, अखिलेश कुमार, श्यामलाल बच्चा लाल, मेवालाल मास्टर,जितेंद्र कुमार, लक्ष्मण ,जोखू, नंदराम शास्त्री,नंदलाल पटेल, राजूराम, श्यामधनी, जवाहर लाल दूबे समेत बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।



## सीवर समस्या को लेकर लोगो ने किया प्रदर्शन

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। मंडुवाडीह थाने के पीछे जाने वाले मार्ग पर सीवर का पानी बहने से क्षुब्ध होकर रविवार को स्थानीय लोगों ने धरना प्रदर्शन किया। लोगो का आरोप रहा कि पिछले एक हफ्ते से सीवर का मलजल युक्त पानी सड़क पर बह रहा और लोग उसी गंदे पानी से होकर आने जाने को विवश हैं लेकिन कई बार शिकायत के बावजूद भी नगर निगम के लोग वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे जिससे कि समस्या का निदान नही हो रहा और पूरे क्षेत्र में दुर्गन्ध की समस्या बनी हुई है।इस दौरान लोगो ने रास्ता रोकने की कोशिश की और मंडुवाडीह थाने पर पहुँच गए लेकिन पुलिस ने उन्हें समझा कर हटाया।



# मड़ई में मिला बिजली मिस्त्री का शव, हत्या की आशंका बाप व दो बेटों के खिलाफ एफआईआर



प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। क्षेत्र के देवा गांव में रविवार की सुबह मड़ई में बिजली मिस्त्री का शव मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। गांव निवासी रमेश राजभर 45 पुत्र लच्छू राजभर अपने पुस्तैनी घर से कुछ दूरी पर अपने हिस्से की जमीन पर बने एक कमरे में अपने छोटे बेटे के साथ रहते थे। रोज की तरह वह अपने छोटे बेटे के साथ सो रहे थे। घर के बगल में स्थित मड़ई में उनका शव जमीन पर पड़ा मिला। मृतक के पुत्र धृजेश ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की रात उनके पड़ोसी रामकृत राजभर तथा उनके दोनों पुत्र अरविंद राजभर तथा अभिषेक राजभर ने पहुंचकर पिता की पिटाई किया। पिता के पिटाई के समय डर कर वह कुछ दूरी पर स्थित बगीचे में भाग गया था। सुबह जब लौटा तो देखा की मड़ई में पिता का शव जमीन पर अकड़ कर पड़ा हुआ है। मृतक के नाक के पास खून लगा हुआ था। लेकिन कहीं चोट का निशान नहीं था।काफी जगाने के बाद नहीं जगे तो भाग कर इसकी जानकारी अपने चाचा सुबास के घर दिया। मौके पर पहुंचे भाई तथा स्वजन ने रमेश को मृतक देखकर घटना की सूचना 100 नंबर पुलिस को दी। कुछ देर बाद मौके पर एसओ तथा पुलिस ने पहुंचकर मामले की छानबीन की तथा शव को लेकर थाने आई।मृतक पांच भाइयों में चौथे नंबर पर थे तथा घर पर रखकर ही बिजली मिस्त्री का काम करते थे तथा सीजन में ताड़ी उतारने का काम करते थे। उनकी पत्नी की मौत लगभग 15 वर्ष पहले हो चुकी है।जिनके दो बेटे तथा एक बेटी हैं।बड़ा बेटा बृजेश मुंबई में रहकर रोजी-रोटी कमाता है छोटा बेटा धृजेश पिता के साथ घर पर ही रहता है। मृतक के बड़े भाई सुभाष राजभर ने घटना की तहरीर देते हुए रामकृत राजभर तथा बेटे अरविंद व अभिषेक के मारपीट से भाई की मौत को बताते हुए नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर तीनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। कुछ देर बाद सीओ भुड़कुड़ा बलिराम भी देवा गांव में मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। थाना पर पहुंचे एसपी सिटी ने आरोपित रामकृत तथा दोनों बेटों से पूछताछ किया। एसओ अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि घटनाक्रम में पड़ोसी के ऊपर मारपीट का आरोप लगाया जा रहा है। इसके क्रम में पड़ोसी रामकृत राजभर से पूछताछ की जा रही है। कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। एक दिन पूर्व गांव में रमेश द्वारा काटे गए बबूल के पेड़ की लकड़ी को रामकृट के पोते द्वारा ले जाने को लेकर विवाद हुआ था। शनिवार की शाम दुल्लहपुर बाजार में मृतक रमेश द्वारा गाली गलौज करने पर अरविंद राजभर द्वारा पिटाई की गई थी। मृतक को नशे की लत थी। अक्सर शराब के नशे में धुत होकर पड़ोसियों के साथ गाली गलौज करता था।

## ट्रक से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। बीती देर रात मंडुवाडीह चौराहे के समीप दरगाह के सामने बाइक सवार आकाश सोनकर 26 वर्ष की ट्रक से टकराने से मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मंडुवाडीह चौराहे के समीप कन्हैया उर्फ बाड़ सोनकर का मकान है और इसी मकान में उनका दुकान भी है। शनिवार की देर रात्रि उनका पुत्र आकाश बाइक से कहीं जा रहा था तभी चौराहे के समीप ट्रक से टकराने से बुरी तरह से घायल हो गया। तत्काल परिजन व पुलिस घायल आकाश को लेकर ट्रामा सेंटर ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुटी है।

## ग्रापए तहसील खलीलाबाद का हुआ गठन, सर्वसम्मति से अतहरुल बारी बने तहसील अध्यक्ष

संतकबीरनगर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तहसील खलीलाबाद का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुहम्मद आफताब आलम अंसारी की देखरेख में हुई। बैठक में अतहरूल बारी को सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष चुना गया। जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अतीक अहमद, गिरीश चन्द्र गुप्ता, गंगेश्वर मिश्रा(सभी उपाध्यक्ष), सत्यप्रकाश वर्मा, नूर आलम, जहीर अहमद (सभी महामंत्री), इन्द्रजीत यादव, जावेद अहमद, टीएच सिद्दीकी (सभी मंत्री), कमरे आलम अंसारी (संगठन मंत्री), शफीक अहमद (प्रचार मंत्री), इजहार अहमद शाह (कोषाध्यक्ष), एजाज अहमद (आडीटर), खुर्शीद अहमद, नसीम अहमद, मुकेश कुमार श्रीवास्तव (कार्यकारिणी सदस्य) बनाए गये हैं। इस दौरान , जफीर करखी, मनौव्वर हुसेन, मुहम्मद परवेज अख्तर, सुभाष मणि त्रिपाठी, अफ्फान खान आदि मौजूद रहे।



## 113 छात्र-छात्राओं को किया गया स्मार्टफोन का वितरण

प्रखर ब्यूरो हंसराजपुर/गाजीपुर। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण स्मार्टफोन वितरण योजना में बहन मायावती स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चौकड़ी, चौरा मे आज स्नातक एवं बीएड के 113 छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट एवं निर्वाध शिक्षा हेतु स्मार्टफोन का वितरण भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा एवं प्रबंध निदेशक डा सत्येन्द्र कुमार के हाथों किया गया। कार्यक्रम के अतिथि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने कहा कि कोरोना काल में स्मार्ट फोन की महत्वपूर्ण उपयोगिता ने शिक्षा सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों के निर्वाध कार्य संचालन में सहायक बनी।आज प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों सहित विभिन्न उच्च शैक्षणिक संस्थानों के समस्त छात्र छात्राओं में मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से स्मार्टफोन का वितरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन छात्रों के भविष्य को उज्जवल करने तथा उनके प्रतिभा कौशल को उभारने में सहयोगी सिद्ध होगा। शशिकांत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विगत नौ वर्षों के नैतिकता के साथ इमानदारी से किए गए कार्यों से 2047 तक देश को विकसित बनाने का जो सपना देखा है वह आप सभी युवाओं के बल पर ही पुरा होगा तथा इस सपने को पूर्ण करने की नैतिक जिम्मेदारी भी आप सभी के कंधो पर निर्भर है। और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हमारे अपने नैतिक दायित्वों तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन देश, समाज और परिवार को सम्मान तथा गौरवान्वित करेगा। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ सत्येन्द्र कुमार ने स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र से अतिथि का सम्मान तथा छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत गाया। स्मार्ट फोन पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का संचालन विनोद यादव ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. महेन्द्र राम, निर्गुण राम, राजेश यादव, भोला राम हीरालाल, अरुण यादव राजेंद्र प्रसाद, रामसमुझ राम एवं महाविद्यालय कर्मचारी गण उपस्थित रहे।




## परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा कराई गई 7 परिवारों की विदाई



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। परिवार परामर्श केन्द्र गाजीपुर द्वारा पुलिस लाइन्स गाजीपुर के प्रागण मे पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन मे एवम् अपर पुलिस अधीक्षक बलवन्त कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कुल 17 परिवारिक विवाद प्रस्तुत हुये। इनमें रीना पत्नी उमेश कुमार भारती निवासी ग्रा0 मिठवार थाना फेफना जनपद बलिया की शिकायत थी कि उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिये हमेशा शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करते रहते है, इस पर पति और ससुराल पक्ष के लोगो को समझाकर विदाई करवाई गई। किरन भारती पत्नी बलवन्त कुमार निवासी सिदउत थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके साथ उसके पति का शारिरिक सम्बन्ध ठीक नही है। वह हमेशा उससे दूरी बनाये हुये है। इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई। रानी देवी पत्नी सोनू कुमार निवासी मिरनपुर शक्का थाना कोतवाली सदर जनपद गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति का अवैध सम्बन्ध उसकी पडोसन से है। इस पर पति और पडोसन को समझाकर विदाई करवाई गई। अनीता देवी पत्नी शिवप्रसाद निवासी सरौली थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसके और बच्चो का खर्च वहन नही करते है, जिसके कारण वह आर्थिक रूप से परेशान रहती है। इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई। प्रियंका विश्वकर्मा पत्नी अमर विश्वकर्मा निवासी आरीपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर की शिकायत थी उसके पति और ससुराल वाले दहेज के लिये उसको ताना मारते रहते है। इस पर पति और ससुराल पक्ष के लोगो को समझाकर विदाई करवाई गई। अंजली यादव पत्नी प्रदीप कुमार यादव नि0 मल्लपुर थाना हलधरपुर जनपद मऊ की शिकायत थी कि उसके पति शारीरिक व मानसिक रूप से उससे दूरी बनाये हुये है, इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई। दुर्गावती पत्नी अंगद निवासी बरौली थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति बाहर जाकर कमाते है जबकि ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताडित करते रहते है।

## वर्तमान सरकार सत्ता के मद में चूर है : डॉ. रमाशंकर राजभर

प्रखर ब्यूरो बिरनो/गाजीपुर। स्थानीय ब्लाक अंतर्गत बोगना गांव में सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री डॉ. रमाशंकर राजभर के द्वारा किया गया। इस जन चौपाल में बोलते हुए मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री डॉ. रमाशंकर राजभर ने कहा कि समाजवादियों का इतिहास शुरू से ही संघर्ष व कमजोर लोगों को अधिकार दिलाने का रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता के मध में चूर है। जो कुर्सी के लिए लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारे पार्टियों को ईडी सीबीआई आदि के सहारे तोड़ सकता हासिल करने में लगी हुई है। ग्राम प्रधान दिनेश चौहान ने कहा कि इस सरकार ने संविधान को मजाक बना अपने हिसाब से संशोधन करने में जुटी है। वर्तमान भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, लूट, हत्या चरम पर है। जबकि किसान इस सरकार में काफी त्रस्त है। उन्होंने कहा कि इस भाजपा सरकार में संविधान खतरे में समाजवादी पार्टी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के सपनों का भारत बनाना चाहती है। किसान सुभाष यादव उर्फ गुड्डू ने कहा कि इस सरकार में किसने आवारा पशुओं से काफी परेशान है। उनके फसले आए दिन बर्बाद हो रही है। किसान नेता ने कहा कि डायल 100 नंबर, चिकित्सा सेवा 108, कन्या विद्या धन ,बेरोजगारी भत्ता, लैपटॉप ,आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे, मेट्रो ट्रेन, गरीब मजदूरों को साइकिल मुफ्त में दी जाने वाली आदि योजनाएं सपा कार्यकाल की है। जंगीपुर विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने कहा कि सरकार धाम के नाम पर देश को बांटना चाहती है जिसे समाजवादी पार्टी कभी सफल नहीं होने देगी। चारों तरफ बेरोजगारी का आलम है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है। इस अवसर पर दिनेश चौहान ग्राम प्रधान, बबलू यादव, ब्रह्मदेव राजभर, किशोर पांडेय, दया पांडेय, संतोष चौबे, बंसी यादव, रामवृक्ष यादव ,दीपक चौहान, राजेश यादव, अशोक राजभर, गौतम चौहान, सत्येंद्र पांडेय ,मन्नू राजभर बिरहा गायक आदि लोगों उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जित्तन चौहान व संचालन जितेंद्र चौहान ने किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक ब्रिजेश सिंह ने आए हुए सभी आगंतुक लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# बिरला अस्पताल में न्यूनतम दर पर डायलिसिस की सुविधा शुरू



**बिरला अस्पताल में ट्रस्ट बोर्ड की बैठक में सर्वसमिति से पारित हुआ वेंटीलेटर स्थापित करने का निर्णय**

प्रखर पूर्वाचल वाराणसी। आर्य आयुर्वेद ट्रस्ट द्वारा संचालित राजा बलदेव दास बिड़ला अस्पताल की एक अति महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन अस्पताल परिसर में किया गया। बैठक अध्यक्षता संस्था के उपाध्यक्ष दीपक कुमार बजाज द्वारा किया गया जिसमें अस्पताल में हुए पुनर्निर्माण व नवीनीकरण तथा गरीब व असहाय मरीजों के सेवार्थ संचालित विभिन्न सेवाओं की समीक्षा की गई संस्था के उपाध्यक्ष दीपक कुमार बजाज ने बताया की राजा बलदेव दास बिड़ला अस्पताल में प्रत्येक रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा व निःशुल्क दवा का वितरण गरीब व असहाय मरीजों को किया जा रहा है जिसका लाभ बडी संख्या में मरीजों को मिल रहा है साथ ही साथ संस्था द्वारा अस्पताल में बुधवार के दिन निःशुल्क ओपीडी संचालित होती है जिसमें क्षेत्र के साथ ही दूर दराज के अनेक मरीज कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा परामर्श प्राप्त करके स्वास्थ्य लाभ ले रहे है अस्पताल द्वारा परिसर में नव निर्मित डायलिसिस कक्ष में मात्र 1500 रुपये में सिंगल यूजर डायलाइजर द्वारा डायलिसिस सुविधा का भी शुभारंभ हो चुका है जिसमें प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर योगेश गौड़ द्वारा मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है आने वाले समय में अस्पताल परिसर में वेंटिलेटर की भी सुविधा शीघ्र ही उपलब्ध होगी इसके लिए बैठक में सर्वसमिती से निर्णय पारित हुआ संस्था के सचिव जगदीश झुनझुनवाला ने बताया की अस्पताल में दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, आयुर्वेद व पंचकर्म, नेत्र ज्योति, नाक कान गला रोग,अस्थि रोग, जनरल मेडिसिन, फिजियो थैरेपी, हार्ट व नेफ्रोलॉजिस्ट के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा रोगियों का समुचित इलाज किया जा रहा है साथ ही एक्स -रे, अल्ट्रासाउंड की भी सुविधा बाजार से कम दाम पर उपलब्ध है बैठक में दीनानाथ झुनझुनवाला, जगदीश झुनझुनवाला, अनिल अग्रवाल, अशोक गुप्ता, संस्था के अध्यक्ष सुदर्शन कुमार बिरला के प्रतिनिधी के रूप में कृष्ण कुमार मुरारका, मनोज अग्रवाल श्याम सुंदर अग्रवाल आदि की उपस्थिति प्रमुख रूप से रही।

## हेड इंजरी के मरीज के लिए वरदान बना 108 एंबुलेंस



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आम जन के लिए चलाई गई निशुल्क 108 एम्बुलेंस लगातार उनका जीवन दान देने का काम कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को जिला अस्पताल में एडमिट हेड इंजरी के मरीज अनूप कुमार को बीएचयू वाराणसी तक पहुंचा कर वहां पर उसे एडमिट कराया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है और अब वह धीरे-धीरे स्वस्थ हो रहा है। 108 एंबुलेंस के प्रभारी दीपक राय ने बताया कि शनिवार को मेडिकल कॉलेज स्थित जिला अस्पताल से 108 एंबुलेंस के लिए कॉल आया। इसके बाद पायलट अरमान अहमद और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन राकेश कुमार तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर अनूप कुमार 30 वर्ष जो हेड इंजरी के मरीज थे। उन्हें लेकर बीएचयू वाराणसी के लिए चले। इस दौरान रास्ते में उनकी देखरेख के लिए इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन राकेश कुमार के द्वारा अपने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पूरे रास्ते उनका देखरेख करते हुए बीएचयू वाराणसी पहुंचा कर उसे एडमिट कराया गया। जहां पर उसका डॉक्टरों की देखरेख में इलाज शुरू हुआ।

# संक्षिप्त खबरें

## पुलिस ने की गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। थाना सादात पुलिस द्वारा गुमशुदा मोबाईलों की सफल बरामदगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित पोर्टल पर विभिन्न तिथियों में पंजीकृत गुमशुदा मोबाइलो का लोकेशन प्राप्त कर बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थानाध्यक्ष सादात गाजीपुर की टीम को अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई है। उक्त पंजीकृत मोबाइल गुमशुदगी पर कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष सादात गाजीपुर की टीम द्वारा कुल 5 अदद मोबाइल बरामद की गयी है। जिसकी कीमत लगभग 75 हजार रुपए है। बरामद मोबाइलो के स्वामी/धारक से सम्पर्क कर नियमानुसार सुपुर्द किया गया। मोबाइल स्वामियों द्वारा नववर्ष के प्रथम दिवस अपनी खोये हुए मोबाइल को पुनः पाकर काफी प्रसन्नता प्रकट की गयी तथा पुलिस टीम का आभार प्रकट किया गया। मोबाइल प्राप्त करने वालो में विशाल यादव पुत्र चन्द्रकेश यादव नि० ग्राम डढ़बल थाना सादात जनपद गाजीपुर, विवेक कुमार पुत्र स्व० दीनानाथ ठठेरा नि० वार्ड नं0 04 कस्बा सादात थाना सादात गाजीपुर, प्रवीण वर्मा पुत्र भावनदास वर्मा नि० ग्राम मौधिया थाना सादात जनपद गाजीपुर, विनोद यादव पुत्र स्व० रतनलाल यादव नि० ग्राम खानापुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही व रम्भा चौहान पुत्री लल्लन चौहान नि० चांदमारी इमिलिया थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ को मोबाइल पुनः प्राप्त हुआ। बरामदगी में शामिल पुलिस टीम में थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, क०आ० अभिषेक सिंह यादव, का0 राजकुमार यादव, का० आशीष यादव, का0 विनेश पाल, का० कृष्णा कन्नौजिया शामिल रहे।

## लालकृष्ण आडवाणी ने राजनीति की दशा और दिशा बदली, भारत रत्न के है हकदार : प्रमोद वर्मा




प्रखर ब्यूरो जखनिया/गाजीपुर। भाजपा संगठन को खड़ा करने वाले, संगठन को फर्श से अर्श तक ले जाने वाले भाजपा के वयोवृद्ध नेता देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की भारत सरकार की घोषणा पर जखनिया के पार्टी कार्यकताओं ने खुशी का इजहार किया व देश के राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा मन बहुत प्रसन्न है कि समर्पित कार्यकर्ता को उचित सम्मान मिला। वर्मा ने कहा लाल कृष्ण आडवाणी की पहचान देश की राजनीति की दशा और दिशा बदलने वाले कद्दावर नेताओं में रही है। उनके नेतृत्व में सिर्फ भारतीय राजनीति की धुरी में राष्ट्रवाद व हिंदुत्व को जगह दी बल्कि केंद्र में कांग्रेस के विकल्प तौर पर भी भाजपा को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। आज प्रभु श्री राम का मंदिर जो बनकर तैयार हुआ है उसमें उनकी अहम भूमिका रही। 90 के दशक में राम मंदिर आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में उनकी सोमनाथ से अयोध्या तक की यात्रा मिल का पत्थर बना। प्रमोद वर्मा ने कहा लालकृष्ण आडवाणी ने राजनीति में नैतिकता का मानक स्थापित किया, उनका राजनैतिक जीवन बेदाग रहा। उन्होंने राष्ट्रीय एकता व संस्कृति प्रावधान को आगे बढ़ाने में अतुल्यनीय प्रयास किया। उनका जीवन शुचिता और पारदर्शिता से भरा रहा, उनका जीवन पार्टी कार्यकताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। वो मेरार जी देसाई में मंत्री रहे हो या अटल जी सरकार में उप प्रधानमंत्री रहे हैं अपने कार्यशाली से उन्होंने सबको प्रभावित किया, आतंकवाद के खिलाफ उन्होंने कठोर कदम उठाया उनके निर्णय के कारण उनका नाम लौह पुरुष रखा गया। लालकृष्ण आडवाणी ने पार्टी में राष्ट्रवाद को स्थापित कर भारतीय राजनीति को नया दिशा दिया और अपने अद्भुत संगठन क्षमता से भाजपा को अपराजेय माने जाने वाली कांग्रेस पार्टी का विकल्प बना दिया आज उन्हीं की देन है कि भाजपा इतनी ऊंचाइयों पर पहुंची है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर राजभर, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, महामंत्री पीयूष सिंह, नंदलाल प्रजापति, इंद्रदेव कुशवाहा, दयाशंकर सिंह, अशोक गुप्ता, दिनेश यादव, प्रशांत सिंह, अजय विक्रम, राजेश जायसवाल, वरुण पांडेय सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## युवा लेखक ने प्रो. अविनाश पार्थिडकर को पुस्तक भेंटकर प्राप्त किया मार्गदर्शन



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एचआरडी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अविनाश पार्थिडकर को युवा लेखक डॉ. रामचरण पांडेय ने अपनी प्रथम आलोचनात्मक पुस्तक 'हिंदी पत्रकारिता और साहित्यिक विमर्श' भेंटकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रो. अविनाश पार्थिडकर ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं को अपने रचनात्मक लेखन से राष्ट्र के नवनिर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रो. पार्थिडकर ने पुस्तक में साहित्यिक व मानवीय मूल्यों को स्थापित करने की दिशा में लेखक के प्रयास की प्रशंसा की। गौरतलब है कि डॉ.रामचरण पांडेय पूर्वांचल विश्विद्यालय से स्नातक करने के बाद एमए, एमफिल तथा पीएचडी की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली से पूरी की। उन्होंने जेआरएफ भी उत्तीर्ण किया। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में उनके अब तक 100 से अधिक आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। लेखक की प्रथम आलोचनात्मक पुस्तक प्रकाशित होने पर प्रो. अविनाश पार्थिडकर ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य में उत्कृष्ट लेखन के लिए प्रोत्साहित भी किया।

## अडानी सोलर ने चैतन्यश्री ग्रीनटेक प्राइवेट लिमिटेड को सोलर मॉड्यूल के वितरण नियुक्त किया




प्रखर वाराणसी। रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल को ध्यान में रखते हुए, अडानी सोलर ने जनता को अपने स्वयं के सेल निर्माण से बने डीसीआर मॉड्यूल दिखाए। अडानी सोलर ने सोलर मॉडयूल के वितरण के लिए चैतन्यश्री ग्रीनटेक प्राइवेट लिमिटेड को अधिकृत चैनल पार्टनर के रू में नियुक्त किया है। अदाणी का नया लॉन्च टॉपकॉन 565-575Wp शाइन मॉड्यूल ईपीसी डीलरों के लिए पेश किया गय था। वाराणसी में 25000 रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल को ध्यान में रखते हुए, अडानी सोलर ने जनता को अपने स्वयं के सेल निर्माण से बने डीसीआर मॉडयूल दिखाए। अडानी सोलर ने सोलर मॉड्यू के वितरण के लिए चैतन्यश्री ग्रीनटेक प्राइवेट लिमिटेड को अधिकृत चैनल पार्टनर के रूप में नियुक्त किया है।

# समंदर के खतरों से लड़ने में माहिर आईएनएस संध्याक का जलावतरण

● कोलकाता

नौसेना को स्वदेशी शार्क मिल गई है, जो समुद्र के खतरों से चुटकियों में लड़ेगी, जिसके आगे चीन-पाकिस्तान की घिग्गी बधेंगी। दरअसल, नौसेना के बेड़े में शनिवार को आईएनएस संध्याक को शामिल किया गया। यह एक ऐसा जंगी जहाज है, जो समंदर के खतरों से लड़ने में माहिर हैं। इस पर बोफोर्स गन लगी है। ये वॉरशिप पानी में दौड़ेगी तो दुश्मन की सांसें रुक जाएंगी। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस संध्याक के कमीशनिंग समारोह में कहा कि भारतीय नौसेना के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। आईएनएस संध्याक का हमारी नौसेना में शामिल होना, निश्चित रूप से हमारी नौसेना की, इस पूरे क्षेत्र में शांति व सुरक्षा को बनाए रखने में सहायता करेगा। उन्होंने भारतीय नौसेना को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद हमें अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अनेक मोर्चे पर हम कठिनाइयों का सामना कर रहे थे, लेकिन एक राष्ट्र के रूप में हम लगातार अपनी सुरक्षा के लिए आगे बढ़ते रहे। हमने अनेक आघातों से अपनी सुरक्षा की और आज विकास के क्रम में हम इतने आगे बढ़ चुके हैं, खासकर यदि मैं अपने नेवल पावर की बात करूं, तो हमारी नौसेना इतनी सशक्त हो चुकी है कि हम हिंद महासागर तथा हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के मामले में फर्स्ट रिस्पोंडर बन गए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि आईएनएस संध्याक भारत के हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महाशक्ति की भूमिका को और बल प्रदान करेगा। भारतीय नौसेना को आईएनएस संध्याक की कमिशनिंग पर अपनी तरफ से ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि हाल ही में आईएनएस इंफाल के कमीशनिंग समारोह में मैंने कहा था कि जो लोग नापाक गतिविधियां कर रहे हैं, उन्हें हम सागर के तल से भी ढूंढ निकालेंगे, और कठोर कार्रवाई करेंगे। मैं इसे आज फिर दोहराता हूं। समुद्र में चोरी-डकैती और तस्करी से जुड़े लोगों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, यह नए भारत का प्रण है।

**बंदरगाहों से लेकर समुद्री तटों तक की निगरानी** : आईएनएस संध्याक एक सर्वे वेसल है, जो समुद्र में निगरानी को और मजबूत बनाएगी। इस जहाज की रेंज 11 हजार किमी है। यह बंदरगाहों से लेकर समुद्री तटों तक की निगरानी करेगी। जरूरत पड़ने पर इसमें चेतक हेलिकॉप्टर की भी तैनाती की जा सकता है। इस सर्वे शिप को कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने बनाया है। टेस्टिंग और ट्रायल सफल होने के बाद अब इसे नौसेना का हिस्सा बनाया गया। ये शिप खास तरह से काम करते हुए दुश्मन पर नजर रखेगा, दुश्मन के मंसूबों से नौसेना को वाकिफ भी कराएगा और जरूरत पड़ी तो उसके परखच्चे भी उड़ाएगा। 180 सैनिकों की तैनाती संभव।




160 सैनिकों की तैनाती, 288 फीट लंबे शिप का वजन 3400 टन

## जहाज की विशेषताएं

- संध्याक पोत की शुरुआती भूमिका बंदरगाह तक पहुंचने वाले रास्तों का सम्पूर्ण तटीय और डीप-वॉटर हाइड्रोग्राफिक सर्वे करना है। यह नौवहन मार्गों को तय करने में भी योगदान देगा।
- इतना ही नहीं, यह पोत रक्षा और अन्य प्रयोगों के लिए समुद्र विज्ञान व भूभौतिकीय डेटा भी एकत्र करेगा।
- संध्याक सर्वे जहाज कई प्रकार के नौसैनिक अभियानों को भी अंजाम देने में सक्षम होगा।
- कहा जा रहा है कि संध्याक के आने से समुद्र सुरक्षा को लेकर भारत की क्षमता काफी ज्यादा मजबूत हो जाएगी।
- हाल के दिनों में समुद्री जहाजों पर हुए हमलों के मद्देनजर इसे काफी अहम माना जा रहा है।
- संध्याक पोत की विस्थापन क्षमता लगभग 3400 टन है। यह 110 मीटर की कुल लंबाई वाला जहाज है।
- संध्याक मॉडर्न हाइड्रोग्राफिक इंस्ट्रूमेंट्स समेत डीजीपीएस लॉन्ग रेंज पोजिशनिंग सिस्टम, डिजिटल साइड स्कैन सोनार से लैस है।
- खास बात यह भी है कि इस जहाज में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है।

## अर्जेंटीना में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन, पुलिस ने आंसू गैस छोड़े

**ब्यूनस आयर्स** । अर्जेंटीना कांग्रेस सांसदों के राष्ट्रपति जेवियर माइली द्वारा प्रस्तावित विधेयकों के पैकेज का समर्थन करने के खिलाफ बड़ी संख्या में कांग्रेस भवन के सामने एकत्रित हुए प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। विरोध करने का मुख्य कारण प्रस्तावित विधेयकों पर आगे की चर्चा न करना और मतदान के लिए महत्वपूर्ण प्रावधानों को शामिल नहीं करना है।

## इराक में यूएस हवाई हमलों में 16 की मौत, 25 घायल

**बगदाद**। इराकी सरकार ने शनिवार को कहा कि पश्चिमी इराक में अर्धसैनिक हश्द शाबी बलों पर अमेरिकी हवाई हमलों में नागरिकों सहित 16 लोग मारे गए और 25 अन्य घायल हो गए। यूएस हवाई हमलों को 'घोर आक्रामकता' करार देते हुए इराक सरकार के प्रवक्ता बसीम अल अवदी ने बताया कि यूएस प्रशासन ने इराक की संप्रभुता का उल्लंघन किया जब उसके विमानों ने आकाशत और अल-कैम क्षेत्र तथा इसके साथ ही हमारे सुरक्षा बलों पर हवाई हमले किए। अल-अवदी ने उन रिपोर्टों का भी खंडन किया जिनमें दावा किया था कि सरकार और यूएस के बीच समन्वय था। वहीं इराक ने कहा कि अमेरिकी हवाई हमलों के गंभीर परिणाम होंगे।

## सूरजकुंड मेले का राष्ट्रपति मुर्मु ने किया उद्घाटन

**चंडीगढ़**। भारतीय हैंडलूम और टूरिज्म की परंपरा को बढ़ावा देने के लिए 2 फरवरी से सूरजकुंड मेला शुरू हो चुका है। फरीदाबाद में हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस मेले का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया। ये मेला 2 फरवरी से शुरू होकर 15 फरबरी तक चलेगा. यह शिल्प मेला भारत के सबसे प्रसिद्ध आयोजनों के रूप में जाना जाता है जो कला, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाता है। हर साल सूरजकुंड मेला देश के किसी राज्य की थीम पर लगता है। इस बार यह मेला पूर्वोत्तर के राज्यों पर केंद्रित होगा। भारत की संस्कृति और रीति-रिवाजों को करीब से जानने के लिए यह बहुत अच्छी जगह है।

## हिमाचल की परफ्यूम फैक्टरी में आग, पांच लोगों की मौत

**सोलन** । हिमाचल प्रदेश के बद्दी में कॉस्मेटिक-परफ्यूम बनाने वाली एनआर अरोमा फैक्ट्री में लगी आग पर शनिवार को 22 घंटे बाद काबू पा लिया गया। एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए क्रेन के जरिए तीसरी मंजिल पर गई। बिल्डिंग के अंदर से अब तक 4 डेडबॉडी रिकवर हो चुकी हैं। इसके बाद मरने वालों की संख्या 5 हो गई है। बीते शुक्रवार को एक महिला की मौत हुई थी। इस हादसे में 33 लोग घायल हुए हैं। वहीं, 13 लोग लापता हैं तो 41 लोगों का रेस्क्यू किया गया है।

## आज का इतिहास

- **1628**: शाहजहाँ को आगरा में मुग़ल बादशाह का ताज पहनाया गया।
- **1797**: इक्वाडोर की राजधानी क्वीटो में भूकंप में 41000 लोग मारे गये।
- **1847**: मैरीलैंड में अमेरिका की पहली टेलीग्राफ कंपनी की स्थापना की गई।
- **1881**: लोकमान्य तिलक के संपादन में समाचार पत्र केसरी का पहला अंक प्रकाशित हुआ।
- **1895**: अमेरिका के शिकागो में पहले रोलिंग लिफ्ट पुल का उद्घाटन हुआ।
- **1920**: लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली विमान सेवा शुरू।
- **1922**: भारत रत्न सम्मानित, भारतीय शास्त्रीय संगीत गायक पं. भीमसेन जोशी का जन्म।
- **1924**: महात्मा गाँधी को उनका ख़राब स्वास्थ्य होने के कारण समय से पहले ही जेल से रिहा कर दिया गया।
- **1932**: न्यूयार्क के लेक प्लेसिड में तीसरे शीतकालीन ओलंपिक का शुभारंभ।

### पीएम का नारा था- सबका साथ-सबका विकास, लेकिन सबका सत्यानाश किया

# कांग्रेस की लड़ाई में साथ दें, वरना मोदी के गुलाम हो जाएंगे : खड़गे

● नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में न्याय संकल्प सम्मेलन के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। लोकसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड और ओडिशा के बाद ये उनका तीसरा कार्यकर्ता सम्मेलन है।

खड़गे ने कहा- पिछले 21 दिन से भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही है। राहुल गांधी जी इस यात्रा में न्याय के 5 स्तंभ लेकर निकले हैं। वे जनता के हक के लिए लड़ रहे हैं। हर कांग्रेस कार्यकर्ता में जोश आना चाहिए कि यह लड़ाई किसी एक के लिए नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा के लिए है। अगर आप इस लड़ाई में कांग्रेस का साथ नहीं देंगे तो मोदी के गुलाम हो जाएंगे।

खड़गे ने कहा- आज हर अखबार में मोदी की गारंटी लिखा रहता है। मोदी जी की गांरटी थी- हर साल 2 करोड़ नौकरियां, लोगों के खाते में 15-15 लाख रुपए, लेकिन मोदी ने कुछ भी नहीं दिया। पीएम मोदी ने सिर्फ युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को धोखा देने का काम किया। जबकि कांग्रेस ने जो भी वादा किया, उसे पूरा करके दिखाया। उन्होंने कहा- आज देश के सरकारी विभागों में 30 लाख पद खाली हैं। पीएम मोदी नौकरियां इसलिए नहीं दे रहे हैं, क्योंकि इसमें आरक्षण से एससी, एसटी और ओबीसी के लोग आएंगे। मोदी जी का नारा था- सबका साथ, सबका विकास, लेकिन उन्होंने सबका सत्यानाश कर दिया। कांग्रेस का यह सम्मेलन इस मायने में भी खास है, क्योंकि 45 साल पहले 1977 में चुनाव हारने के बाद इंदिरा गांधी ने भी 1979 में पूर्वी दिल्ली से ही चुनाव अभियान की शुरुआत की थी।



### सीट शेयरिंग पर मामला अब तक साफ नहीं

दिल्ली के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने बताया कि इंडिया ब्लॉक में शामिल आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच दिल्ली में सीट शेयरिंग को लेकर कोई स्थिति साफ नहीं है। इसलिए कांग्रेस दिल्ली की सभी सातों सीटों पर चुनाव प्रचार करेगी। लवली ने कहा कि गठबंधन में रहते हुए चुनाव लड़ने का मतलब अपने सहयोगी दलों को चुनाव जीतने में मदद करना भी होगा।

# न्याय के मामले में अंतरराष्ट्रीय सहयोग कई बार जरूरी होता है : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यायिक प्रक्रिया में देश के बीच सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए शनिवार को कहा कि कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ काम करने की आवश्यकता होती है। श्री मोदी राजधानी में आयोजित राष्ट्रमंडल देशों के महान्यायवादियों और महाधिवक्ताओं के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब हम सहयोग करते हैं, तो हम एक-दूसरे की व्यवस्थाओं को को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि देश एक दूसरे की न्यायिक प्रणालियों को को अधिक अच्छी तरह समझते हों तो, ताल में बढ़ता है। तालमेल से न्याय करने का काम बेहतर और तेज होता है।

इस सम्मेलन का आयोजन कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन के तत्वधान में किया गया है। सम्मेलन का विषय है- 'न्याय दिलाने में सीमा - पर चुनौतियां'। इस सम्मेलन में कानून और न्याय से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों ,जैसे न्यायिक परिवर्तन और कानूनी कार्य प्रणाली के नैतिक आयाम, सरकारों का दायित्व और अन्य बातों के अलावा आधुनिक शिक्षा पर पुनर ध्यान देने के बारे में विचार विमर्श किया जाना है। सम्मेलन में एशिया, प्रशांत अफ्रीका और कैरेबियाई क्षेत्र के राष्ट्रमंडल के सदस्य देशों के अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल भाग ले रहे हैं। इसके अलावा कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी सम्मेलन में आए हैं।



## मोदी ने किया 68,000 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास

**नई दिल्ली/ संभलपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिये राज्यों का विकास जरूरी है और उनकी सरकार इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। श्री मोदी ओडिशा के संबलपुर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राज्य में 68,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया, राष्ट्र को समर्पित किया और आधारशिला रखी। इस अवसर पर राज्यपाल रघुवर दास और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर प्रधानमंत्री के साथ मंच पर उपस्थित थे। श्री मोदी इस समय ओडिशा और असम के दो दिन के दौरे पर हैं। वह आज ही संभलपुर से गुवाहाटी जायेंगे। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हम तभी हासिल कर सकते हैं, जब भारत का हर राज्य विकसित बने। उन्होंने कहा कि इसीलिये बीते वर्षो में उनकी सरकार ने ओडिशा की हर क्षेत्र में अधिक से अधिक मदद की है। हमने ओडिशा को शिक्षा का, कौशल विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने ओडिशा को शिक्षा और कौशल विकास का केंद्र बनाने के लिये निरंतर प्रयास किये हैं।

# भारत का एआई हुआ लांच, चैट जीपीटी से है पावरफुल

**नई दिल्ली** । एआई की दुनिया में हर दिन कुछ नया हो रहा है। चैट जीपीटी , बार्ड और ना जाने कितने ही एआई पॉपुलर हो चुके हैं। भारत में भी लोग एआई पर काफी काम कर रहे हैं। एक भारतीय फाउंडर ने दुबई में अपना नया एआई लॉन्च किया है। हम बात कर रहे हैं क्यूएक्स लेब एआई की, जिसने आस्क क्यूएक्स लॉन्च किया है, जो दूसरे एआई चैटबॉट्स से काफी अलग है। ये नोड-बेस्ड हाइब्रिड जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म है, जिसे एलएलएम और न्यूरल नेटवर्क आर्किटेक्चर दोनों पर ट्रेन किया गया है। इस एआई को दुंबई हेडक्वार्टर क्यूएक्स लेब एआई ने लॉन्च किया है। ये प्लेटफॉर्म 100 से ज्यादा ग्लोबल लैंग्वेज में उपलब्ध होगा, जिसमें 12 भारतीय भाषाएं शामिल हैं। फर्म का दावा है कि लॉन्चिंग के वक्त इस प्लेटफॉर्म पर 80 लाख रजिस्टर्ड यूजर्स मौजूद हैं। ये प्लेटफॉर्म पेड और फ्री दोनों ही वर्जन में उपलब्ध होगा।

### दुनिया का पहला हाइब्रिड एआई सिस्टम

क्यूएक्स लेब एआई का दावा है कि ये दुनिया का पहला हाइब्रिड एआई सिस्टम है। चूंकि ये चैटबॉट एलएलएम (लार्ज लैंग्वेज मॉडल) और न्यूरल नेटवर्क दोनों पर ट्रेंड हैं, तो इसे हाइब्रिड कहा जा रहा है। कंपनी की मानें, तो एआई प्लेटफॉर्म की 70 परसेंट ट्रेनिंग एआई यानी आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क्स पर और 30 परसेंट एएनएन पर हुई है। आस्ट क्यूएक्स को 372 अरब पैरामीटर पर ट्रेन किया गया है। लॉन्च के वक्त ये एआई टेक्स्ट और ऑडियो फॉर्मेट में मौजूद है। कंपनी का कहना है कि मार्च 2024 तक इस प्लेटफॉर्म पर इमेज और वीडियो जनरेशन की क्षमता जोड़ी जाएगी। फिलहाल कोई ऐसा एआई टूल नहीं है, जो ये सभी सर्विसेस ऑफर करता हो।

### 100 भाषाओं में है उपलब्ध

कंपनी की मानें तो हाइब्रिड एआई मॉडल ओवरऑल कम्प्यूटेशनल पावर कॉस्ट को कम करता है। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म की सिक्योरिटी भी बेहतर होती है। क्यूएक्सलेबएआई को दुनिया की 100 भाषाओं में लॉन्च किया गया है। इसमें 12 भारतीय भाषाएं हिंदी, बांग्ला, तेलगू, मराणी, तमिल, उर्दू, गुजराती, कन्नाडा, मलयालम, उड़िया, पंजाबी और आसामी शामिल हैं। इसके आस्क क्यूएस पेड और फ्री दो वर्जन में उपलब्ध है।

# बिहार में विभागों का बंटवारा, जदयू से ज्यादा भाजपा के पास

### नीतीश के पास गृह विभाग, तेजस्वी के विभाग सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा को दिए

**पटना** । बिहार में एनडीए सरकार बनने के 6 दिन बाद मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। सीएम नीतीश पहले की तरह ही गृह विभाग संभालेंगे। तेजस्वी यादव के विभागों को दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के बीच बांटा गया है। बंटवारे में सबसे ज्यादा बीजेपी को 23, जदयू को 19, हम को 2 और निर्दलीय को एक विभाग मिला है।

बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को वित्त विभाग और डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को पथ निर्माण और कृषि विभाग की जिम्मेदारी मिली है। वहीं, मंत्री विजय चौधरी को जल संसाधन संसाधन, संसदीय कार्य, भवन निर्माण, परिवहन, शिक्षा और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग मिला है। सीएम नीतीश कुमार के पास सामान्य प्रशासन, गृह विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन एवं ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नहीं हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के पास वित्त, वाणिज्य कर, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, खेल, पंचायती राज, उद्योग, पशु एवं मत्स्य संसाधन, विधि विभाग की जिम्मेदारी रहेगी। विजय कुमार सिन्हा के जिम्मे कृषि, पथ निर्माण, राजस्व एवं भूमि सुधार, गन्ना उद्योग, खनन एवं भूतत्व, श्रम संसाधन, कला संस्कृति एवं युवा, लघु जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की जिम्मेदारी रहेगी।

विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन विभाग, संसदीय कार्य, भवन निर्माण, परिवहन, शिक्षा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। विजेंद्र प्रसाद यादव के पास ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं प्रबंधन, निबंधन, ग्रामीण कार्य, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग रहेगा। डॉ. प्रेम कुमार के पास सहकारिता, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, पर्यटन विभाग रहेगा। श्रवण कुमार के पास ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रहेगा।



### नीतीश कुमार ने अपने विभाग में नहीं किया कोई बदलाव

सीएम नीतीश कुमार ने अपने विभाग में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया है। पिछले 20 सालों से गृह, निगरानी, निर्वाचन, मंत्रिमंडल निर्वाचन और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखते आ रहे हैं। इस बार भी ये सभी विभाग उन्हीं के पास हैं। जेडीयू ने उन सभी विभाग को अपने पास रखा है जो 2020 में एनडीए सरकार के गठन के दौरान उनके पास थे। ठीक यही फॉर्मूला भाजपा के लिए भी अपनाया गया है। भाजपा को सभी विभाग वापस लौटा दिए गए हैं जो उनके पास 2020 के दौरान थे। हालांकि इसमें एक बदलाव ये है कि महागठबंधन सरकार के दौरान वित्त विभाग जेडीयू ने अपने पास रखा था। अब एनडीए सरकार में वापस इसे भाजपा को लौटा दिया गया है। महागठबंधन सरकार में पावर वाले सभी विभाग भले जदयू के पास थे, लेकिन पैसा राजद के पास था। अब पैसा और पावर दोनों नीतीश कुमार ने अपने पास रखा है।

**28 जनवरी को हुआ था शपथ ग्रहण** : 28 जनवरी को सीएम नीतीश ने 8 मंत्रियों के साथ शपथ ली थी। तभी से बीजेपी, जेडीयू और हम के नेता विभागों के बंटवारे का इंतजार कर रहे थे।

# लोस चुनाव से पूर्व भाजपा का बड़ा दांव

### कुमार विश्वास व अपर्णा यादव को भेज सकती है राज्यसभा

**नई दिल्ली**। आप पूर्व नेता कुमार विश्वास जल्द ही रास पहुंच सकते हैं। भाजपा उन्हें पार्टी में शामिल किए बिना रास भेज सकती है। साथ ही भाजपा मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव को भी रास भेज सकती है। रास भेजकर भाजपा जातीय व क्षेत्रीय समीकरणों को साधने का प्रयास करेगी। यूपी में राज्यसभा की 10 सीटों पर 27 फरवरी को चुनाव होना है। 10 सीटों पर होने वाले चुनाव में नौ सदस्य भाजपा के है। हालांकि, बीजेपी के 7 सदस्य ही रास पहुंच सकते हैं। ऐसे में कई नामों की चर्चा है, इसमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, दुष्यंत गौतम, कुमार विश्वास, अपर्णा यादव और मुख्तार अब्बास नकवी शामिल हैं।

# राहुल ने की देवघर में बाबा बैद्यनाथ की पूजा

**पटना** । भारत जोड़ो यात्रा के तहत कांग्रेस सांसद राहुल गांधी झारखंड पहुंचे हैं। राहुल गांधी की यात्रा दो फरवरी को पाकुड़ से शुरू हुई। शनिवार को वे देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर पहुंचे। देवघर में कांग्रेस सांसद ने पूरे विधि-विधान से बाबा वैद्यनाथ की पूजा अर्चना की. इस दौरान राहुल गांधी गुलाबी रंग की धोती और गमछे में नजर आएं। मालूम हो कि राहुल गांधी पहली बार देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे हैं। मंदिर के पुरोहितों ने उनसे पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराई। राहुल गांधी के आगमन पर उनके स्वागत में बाबा मंदिर वीआईपी गेट से लेकर मंदिर प्रशासनिक भवन एवं मंदिर को फूलों से सजाया गया।

फिल्मीतड़का

# कृति सेनन ने पहनी खास ड्रेस, कीमत 3 लाख रुपए

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया में अपनी तस्वीर को शेयर करती रहती हैं। फैंस भी उनके लुक्स की खूब तारीख करते हैं। लेटेस्ट फोटोशूट में कृति ब्लू डेनिम जीन्स और लेदर जेकेट में नजर आई। इस ड्रेस के साथ एक्ट्रेस ने ब्लैक हाई हिल्स शू पेयरअप किए है। कृति ने अपनी स्टाइलिश बॉसी लुक को सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंपलीट किया है। खुले बाल कृति के लुक में चार चांद लगा रहे हैं। साथ ही उन्होंने गले में नेकलेस पहना है। कृति ने भूरे रंग की जो जेकैट पहन रखी है। उसकी कीमत 2,40,200 रुपए आंकी गई हे। वहीं जीन्स की कीमत तकरीबन 56,900 रुपए है। कृति की ब्लू डेनिम जीन्स और लेदर जेकैट दोनों की कीमत जोड़ने पर 3 लाख होते है।



# अक्षय कुमार डीपफेक तकनीक के हुए शिकार, दर्ज कराई शिकायत

**मुंबई**। बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार डीपफेक तकनीक के नवीनतम शिकार बन गए हैं, जिससे उनकी पहचान के दुरुपयोग पर चिंता बढ़ गई है। अक्षय कुमार का छेड़छाड़ कर एक वीडियो बनाया गया जिसमें वे एक गेमिंग एप्लिकेशन का प्रचार करते नजर आए, इससे अक्षय को गहरी निराशा हुई। डीपफेक वीडियो का शिकार होने के बाद बोले अक्षय कुमार- 'बेहद दुखी हूं'। वहीं दूसरी ओर सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को कड़ी चेतावनी दी। डीपफेक वीडियो जल्द हटाएं, नहीं तो कानूनी कार्रवाई होगी। एक छेड़छाड़ किये गये वीडियो में कुमार सुपरस्टार को एक गेमिंग ऐप का प्रचार करते दिखाया गया है जबकि वास्तव मे अभिनेता ने कभी भी ऐसी किसी गतिविधि के प्रचार में भाग नहीं लिया है। 56 वर्षीय अभिनेता के करीबी सूत्रों ने खुलासा किया कि वह अपनी पहचान के दुरुपयोग से 'गंभीर रूप से परेशान' हैं और उन्होंने अपनी टीम को कानूनी कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए हैं। अक्षय ने कभी भी किसी गेमिंग एप्लिकेशन या इसी तरह के उद्यम का समर्थन नहीं किया है। सूत्रों ने कहा, अभिनेता कभी भी ऐसी किसी गतिविधि के प्रचार में शामिल नहीं हुए हैं। इस वीडियो के स्रोत की जांच की जा रही है और झूठे विज्ञापन के लिए अभिनेता की पहचान का दुरुपयोग करने के लिए कानूनी कार्रवाई चल रही है।



# राष्ट्रपति मुर्मु ने की 7 हाईकोर्ट के सीजे, एसीजे की नियुक्ति

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सात उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और कार्यवाहक न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। केंद्र ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के उन सात न्यायाधीशों और कार्यवाहक न्यायाधीशों की पदोन्नति संबंधी घोषणा की है। अधिसूचना के अनुसार, पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह को पदोन्नत कर उड़ीसा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई को पदोन्नत कर गौहाटी हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश किया गया है। इसी प्रकार राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली को पदोन्नत कर इलाहाबाद हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश, मद्रास हाईकोर्ट के जज न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन को पदोन्नत कर मेघालय हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी को पदोन्नत कर उत्तराखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्ति कई है। राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को पदोन्नत कर इसी हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश और पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के जज जस्टिस जी एस संधावालिया को पदोन्नति कर इसी हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

# क्लासिक लुक में ब्लैक साड़ी

काली साड़ी का आकर्षण जबरदस्त है। कुछ अभिनेत्रियों ने सहजता से इस क्लासिक लुक को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। ये काली साड़ी को सुंदरता और शालीनता के साथ पहनने की प्रतिभा रखती हैं। अभिनेत्रियां काली साड़ी में फैशन और स्टाइल के क्षेत्र में ट्रेंड सेटर बन गई हैं-



**कियारा**
बहुमुखी प्रतिभा वाली कियारा आडवाणी ने काली साड़ी को स्वीटहार्ट नेकलाइन वाले लो कट ब्लाउज के साथ स्टाइल किया है। लुक को बेहतर करने के लिए उन्होंने इसे हरे मोतियों के साथ पारंपरिक सोने के हार और छोटी बिंदी के साथ पहना।

**जान्हवी**
काली साड़ी और काली बिंदी में जान्हवी कपूर का लुक देखने लायक है! पूरी आस्तीन वाला अलंकृत ब्लाउज और चमकदार कांस्य मेकअप के कारण बिल्कुल अलग नजर आता है।



**कृति**
कृति सेनन की जगमगाती काली साड़ी और सुनहरा ब्लाउज बेहद खूबसूरत लगा। कृति ने सेल्फ वर्क वाली नेट साड़ी में जलवा बिखेरा और गोल्ड चोकर और स्टड्स के साथ पूरा किया। परफेक्ट मिनिमल मेकअप ने लुक को सामान्य बना लिया।





**दीपिका**
छोटी काली पोशाक से बेहतर एकमात्र चीज़ पारंपरिक काली साड़ी है। दीपिका पादुकोण ने सुनहरे के बॉर्डर वाली अपनी पूरी काली मोनोक्रोमैटिक साड़ी में दिल जीत लिया! पूरी आस्तीन वाले 'बंदगला' ब्लाउज के साथ सोने के झुमके इस सुंदरता को बढ़ाते हैं।



**डायना**
ब्लैक लुक पर सिल्वर का विकल्प चुनते हुए डायना पेंटी ट्विस्ट के साथ अपने फुल स्लीव्स ब्लाउज में बेहद आकर्षक लगीं। इसमें कॉलर और टाई थी, जो उनके लुक में सबसे अलग लग रही थी। स्टेटमेंट डायमंड ज्वेलरी के साथ लाल होंठ केक पर चेरी लग रहे थे।

## टीवी



### जयदीप मिले रस्किन बॉन्ड से

जयदीप अहलावत लेखक रस्किन बॉन्ड के साथ अकेले समय बिताने का आनंद मिला। लेखक के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए अभिनेता ने कहा कि वह कितना आभारी महसूस कर रहे हैं। जयदीप ने तस्वीर भी साझा की, जिस पर 'कलेक्टेड शॉर्ट स्टोरीज़ः रस्किन बॉन्ड' की निजी प्रति पर उनके लिए हस्ताक्षर किए थे। बॉन्ड ने उन्हें "फिल्मों और अन्य जगहों पर भविष्य के काम के लिए शुभकामनाएं और शुभकामनाएं" दी।



### स्टार्टअप दिलखुश

दिलखुश कुमार बिहार में अपने स्टार्टअप क्षेत्र में मशहूर हो चुके है। शार्क टैंक इंडिया सीजन 3 का हिस्सा रहे दिलखुश को शार्क्स से बड़ी मदद मिली। दिलखुश ने जानकारी दी- पिछले दो सीजन से हम शो देखे थे। मुझे लगा, मुझे भी अप्लाई करना चाहिए, वहीं से मैने अप्लाई कर दिया।


### शाहिद के नक्शे कदमों पर ताहा



ताहा शाह बादशाह ने खुलासा किया कि वह अभिनेता शाहिद कपूर के नक्शेकदम पर चलना चाहते है। युवा अभिनेता, जो ज़हर मोहब्बत नामक नए गीत एल्बम में अभिनय के लिए तैयार है, ने सोशल मीडिया पर गीत की झलक साझा की। जिस पर शाहिद कपूर ने फायर इमोजी के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की। इसका जवाब देते हुए बादशाह ने जवाब दिया-'भाईजान आपके नक्शे कदमों पर चलने की कोशिश। लव यू'। 'ज़हर मोहब्बत' गीत एल्बम अफसाना खान गाया। इसमें सोनल चौहान है। ताहा को आखिरी बार ताजः डिवाइडेड बाय ब्लड सीरीज में देखा गया था।

### आशुतोष गोवारिकर को मेडल ऑफ सेंट ट्रोपेज़

निर्वाण भारतीय संस्कृति और सिनेमा का दूसरा संस्करण, 31 मई से 2 जून तक सेंट ट्रोपेज़ में आयोजित किया जाएगा। जिसमें फिल्मी सितारे, निर्माता, लेखक, संगीतकार,



कलाकार और नर्तक शामिल होंगे। अकादमी पुरस्कार-नामांकित भारतीय फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर को 'मेडल ऑफ सेंट ट्रोपेज़' से सम्मानित करेगा और महोत्सव के दूसरे संस्करण में फिल्म स्वदेस प्रदर्शित करेगा। गोवारिकर को उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'लगान' (2001) के लिए पहचान मिली, जिसने सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म के लिए अकादमी पुरस्कार नामांकन भी अर्जित किया। बाद में, उन्होंने 'जोधा अकबर' (2008) 'मोहनजो दारो' (2016), पानीपत (2019) जैसी फिल्मों का निर्देशन किया। हालिया काला पानी सहित कई फिल्में शामिल है, जो भारतीय फिल्म उद्योग में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। आशुतोष ने कहा- 'मै इस सम्मान के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और फ्रांस और भारत के सांस्कृतिक और सिनेमा उद्योगों के बीच बंधन को मजबूत करने में योगदान देने के लिए तैयार हूं।' लीना यादव द्वारा निर्देशित पार्च्ड और जूड एंथनी जोसेफ द्वारा निर्देशित 2018 एवरीवन इज़ ए हीरो, (ऑस्कर 2023 में भारत की प्रविष्टि) महोत्सव के आधिकारिक कार्यक्रम का हिस्सा है।

# रोमांस व रोमांच भरी सीरीज

रोमांटिक, एक्शन से भरपूर थ्रिलर से जुड़ी कहनियों के जरिए मस्ट वॉच सीरीज -




**कर्मा कॉलिंगः**
डिज़्नी+हॉटस्टार पर 'कर्मा कॉलिंग' में रवीना टंडन के साथ बदला, धोखा और विश्वासघात का दिलचस्प मिश्रण है। जो 'गिल्टी' फेम रुचि नारायण द्वारा निर्देशित है।




**इंडियन पोलिस फोर्स**
प्राइम वीडियो पर 'इंडियन पुलिस फ़ोर्स' रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्मित और निर्देशित है। जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय है। न्याय की खोज और कर्तव्य के दौरान किए गए बलिदानों का एक्शन से भरपूर ड्रामा।




**कभी तुम कभी हम नहीं थे**
पॉकेट एफएम पर 'कभी तुम कभी हम नही थे' शारीरिक दूरी के बावजूद वेदिका का विराट के प्रति सच्चा प्यार अटूट है। कर्तव्य, सामाजिक अपेक्षाओं और अनकही भावनाओं की कहानी कहती यह मनोरंजक ऑडियो है।





**वारसो**
अभिन और मंथन द्वारा निर्देशित गुजराती वेब सीरीज 'वारसो' प्रतिभाशाली बुनकरों के सामने आने वाली चुनौतियों का खुलासा करती और हेम (गौरव पासवाला) की दुनिया है। 900 साल पुरानी पटोला बुनाई की विरासत से जूझता है। शोमारूमी पर है।




**किलर सूप**
गहरे हास्य और रहस्य से भरे 'किलर सूप' की स्वाति का किरदार निभाती कोंकणा सेन शर्मा नर्स से शेफ बनी है। वह अपने पति की जगह हमशक्ल को लाने की योजना बनाती है। अभिषेक चौबे द्वारा निर्देशित, यह ब्लैक कॉमेडी क्राइम थ्रिलर है। मनोज बाजपेयी के शानदार प्रदर्शन है। नेटफ्लिक्स पर मौजूद है 'किलर सूप'।




**द लेजेंड्स ऑफ हनुमान सीजन 3**
डिज़्नी+हॉटस्टार पर 'द लेजेंड्स ऑफ़ हनुमान सीजन 3' एनिमेटेड सीरीज भगवान राम और हनुमान के बीच के बंधन की पड़ताल करती है। बेहतर एनीमेशन, खूबसूरत किरदार, कहानी कहने की कला के साथ है।



**ओह माय वाइफ**
ओह माय वाइफ शौर्य सिंह द्वारा लिखित और निर्देशित सस्पेंस थ्रिलर सीरीज है, जिसमें मुदासिर भट्ट, लोकेश बट्टा, स्नेहा सिंह सिसोदिया और दीपांशी है। यह फॉरेंसिक एक्सपर्ट विवेक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो हाई-प्रोफाइल हत्या के मामले के बीच व्यक्तिगत उथल-पुथल से निपट रहे है। उनका संदेह अपनी पत्नी पर जाता है। ये वॉचो एप पर है।



### पुरानी यादें ताज़ा हो गईं लीनेश मट्टू की

सोनी सब का शो 'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' कश्मीर में दो प्रेमियों - पश्मीना (ईशा शर्मा) और राघव (निशांत मलकानी) की कहानी है। शो में एक साल का लीप आने वाला है, जिससे पश्मीना और राघव के बीच की दूरिया बढ़ने वाली है। लीनेश कहते हैं- ऋषि उत्साही और खुशमिजाज़ व्यक्तित्व वाला युवा डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर है। उसे ज़िंदगी से मोहब्बत है, वह हमेशा बहुत खुश रहता है। मै वास्तविक संबंधों को महत्व देता हूं। चूंकि मै कश्मीर से हूं इसलिए उस जगह की सुंदरता को सेलिब्रेट करने का मौका दिया। जिससे इस जगह के लोगों और संस्कृति सामने आती है। अपने बचपन के दिनों को फिर से जीने का मौका मिला। मन में पुरानी यादों की लहर उठ गई और कई यादें ताज़ा हो गईं। यह अनुभव घर वापसी जैसा महसूस हुआ, अपने जन्मस्थान पर लौटकर अपनेपन और बेहद उत्साह का अनुभव हुआ। मै कश्मीर में अपने रहने के समय को फिर से याद कर रहा था, क्योंकि कश्मीर का मेरे दिल में विशेष स्थान है।

### सबसे खराब डांसर हूं- सुनील शेट्टी



कलर्स का 'डांस दीवाने' कलाकारों की तीन पीढ़ियों को साथ लाने के लिए तैयार है। डांस की सदाबहार रानी माधुरी दीक्षित नेने जजों के पैनल में दिखाई देंगी, जबकि सुनील शेट्टी उनका साथ निभा रहे हैं। सुनील शेट्टी कहते है- 'लोगों ने कहा कि यह मेरा सबसे अच्छा फैसला है। मेरी मां ने भी ऐसा कहा क्योंकि उन्हें यह शो बहुत पसंद है। मेरी पत्नी, बेटी, बेटे और दोस्तों ने भी यही बात कही। हालांकि, मुझे इस फैसले पर संदेह था! मै शायद देश का सबसे खराब डांसर हूं। टीम ने बताया कि आप बस दीवाने बनके एप्रिसिएट करो जो आपको अच्छा लगता है। तभी मै सहज हो गया।" माधुरी दीक्षित कहती है- 'सुनील शानदार है! पता नहीं क्यों हमने पहले कभी साथ काम नहीं किया। भले ही हमने फिल्मों में साथ काम नहीं किया फिर भी यह अवसर सामने आया और मै इसका भरपूर आनंद ले रही हूं। मै उनकी सहजता से बहुत प्रभावित हुई। उनके बात करने का तरीका अद्भुत है।'

### बालासुब्रमण्यम गाने वाले थे 'वादा रहा सनम'

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का शो 'इंडियन आइडल 14', 'अभिजीत की चुनौती' थीम के लिए प्रसिद्ध पार्श्व गायक अभिजीत भट्टाचार्य का स्वागत किया था।'वादा रहा सनम'



गाने के बारे में दिलचस्प जानकारी साझा करते हुए भट्टाचार्य ने कहा-'यह मेरा गाना नहीं था, यह बालासुब्रमण्यम साहब के लिए था। संगीत निर्देशक जतिन-ललित को उम्मीद थी कि बालासुब्रमण्यम और लता जी इस गाने को साथ प्रस्तुत करेंगे लेकिन जब बात नहीं बनी और रिहर्सल मुश्किल हो गई तो सहमति बनी कि बालासुब्रमण्यम और अलका याग्निक इसे गाएंगे। मुझे बताया गया कि मै गाना डब करूंगा लेकिन तब यह चंपक जैन की चाल थी कि वह मुझसे गवाएंगे फिर हम चीजें तय करेंगे।'

### तनिशा ने मैचिंग ज्वेलरी चुनी

ज़ीटीवी का फिक्शन शो 'इक कुड़ी पंजाब दी'पंजाब में रचा-बसा है। हीर (तनिशा मेहता) पूरे परिवार को इकट्ठा कर लेती है। तनिशा ने कहा- 'मुझे कलरफुल आउटफिट पहने हुए



काफी समय हो गया, जब मुझे पता चला कि मै इस तरह के कपड़े पहनूंगी तो मै बहुत उत्साहित हो गई। इससे पहले मुझे कभी किसी पंजाबी लड़की की तरह ड्रेस अप होने का मौका नहीं मिला। जब मैने यह आउटफिट देखा तो मुझे तुरंत इससे प्यार हो गया। यह टिपिकल पंजाबी सूट है। जिसके साथ मैने परांदा (चुटिया) और जूतियां पहनी है। हालांकि मेरे पास झुमकियां और मांग टीका था, जो इसके साथ मैच कर गया।'


### सृति झा और ऊषा नाडकर्णी की जोड़ी

ज़ी टीवी में शो 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में अमृता (सृति झा) महाराष्ट्रीयन मुलगी है।



तेरतर्रार दादी ज्ञानेश्वरी के किरदार में ऊषा नाडकर्णी है। सृति झा बताती है-'ऊषा जी के साथ स्क्रीन शेयर करना बेहद खुशी और सम्मान की बात है। उनका जोश और उत्साह वाकई हम सब पर चढ़ जाता है, मुझे उनके अनुभव से बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। हम लोग पर्दे पर और पर्दे के पीछे भी बढ़िया वक्त गुजार रहे है।' ऊषा नाडकर्णी बताती है-'सृति के साथ काम करना वाकई खुशनुमा अनुभव है। वह न सिर्फ टैलेंटेड एक्ट्रेस है बल्कि मिलनसार को-स्टार भी है। एक दूसरे के प्रति सम्मान है और मुझे यह बात बहुत अच्छी लगती है। मै उन्हें अपनी बेटी की तरह ट्रीट करती हूं।'

### मेकअप खुद करती हैं विदिशा



विदिशा श्रीवास्तव को एंडटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' की 'गोरी मेम' के तौर पर जाना जाता है। विदिशा अपना मेकअप खुद ही करती हैं। विदिशा श्रीवास्तव उर्फ़ अनीता भाबी ने कहा- 'मेरे लुक्स को लड़कियां पसंद करती हैं और अक्सर मेरे मेकअप रुटीन और साड़ियों के बारे में पूछती हैं। मैं अपना मेकअप खुद करती हूं। मुझे तैयार होने में सिर्फ बीस मिनट लगते हैं। अपना मेकअप और हेयर स्टाइलिंग करना मेरे लिये खुद को चंगा रखने जैसा होता है। मैं हैवी फाउंडेशंस से बचती हूं, आइब्रोज मोटी रखती हूँ और बहुत ज्यादा मेकअप नहीं करती। बाकी काम कपड़े कर देते हैं। मेरे मेकओवर का महत्वपूर्ण हिस्सा है आइब्रोज को थोड़ा डार्क करना और मस्कारा का खूब इस्तेमाल करना। कलाकार की आंखें शब्दों से ज्यादा बोलती हैं। मेरा मेकअप नैचुरल टोन्स पर आधारित होता है। मैं न्यूड शेड्स का इस्तेमाल करती हूं। न्यूट्रल शिमर चमक देता है। फाउंडेशन में आर्गन ऑइल मिलाना वर्सेटाइल रहने के लिये मेकअप महत्वपूर्ण होता है। मैं क्लासिकल डांसर रह चुकी हूं इसलिये मुझे मेकअप की बारीकियां पता है। मुझे चटकीले रंगों वाली शानदार साड़ियां पसंद हैं। सॉलिड और पेस्टल शेड्स, जो मुझे क्लासी और रिफाइंड टच देते हैं। ज्वैलरी में पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन होते हैं।'

### शुभांगी अत्रे के उड़ाये होश रोबोट ने



रोबोटिक्स और एआई के क्षेत्र में लगातार हो रही प्रगति से दुनिया में काफी बदलाव आ रहे हैं। एंडटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' ने अंगूरी भाबी का एआई अवतार दिखाकर चौंका दिया। अंगूरी की भूमिका निभा रहीं शुभांगी अत्रे ने बताया- 'हम एआई से प्रेरित वाकया लेकर आये। अंगूरी रोबोट बन जाती है। शूटिंग में बड़ा मजा आया, वह ताजगी देने वाला बदलाव था। अंगूरी की भूमिका ज्यादा आसान हो सकती थी लेकिन रोबोटिक वर्जन को निभाने में चुनौती रही। मुझे संतुलन रखना था और सुनिश्चित करना था कि हरकतों को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर ना बताया जाए, मैं अंगूरी के घरेलू काम ही करती दिखूं। एक तरीके से हम सभी में प्रोग्रामिंग होती है, चाहे हमारे डीएनए के एल्गोरिदम्स हों या हमें आकार देने वाले सामाजिक नियम। मेरा पक्का मानना है कि एआई सिर्फ टेक्नोलॉजी से बढ़कर है, यह हमें भविष्य की झलक दिखाती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीने, काम और बात करने का तरीका बदल रही है। यह भविष्य की पूरी तस्वीर है।'

### रेखा भारद्वाज से मिलती है आवाज - कृति सैनन

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 14' में शाहिद कपूर और कृति सैनन का स्वागत हुआ। 'आद्या मिश्रा' ने 'इक कुड़ी' और 'रात के ढाई बजे' गाया। कृति सैनन ने कहा- "आद्या, आप धीरे-धीरे गा सकती है और साथ ही इसमें दर्द भी है और मजा भी! मैने विशाल सर से कहा था कि आपकी आवाज रेखा भारद्वाज मैडम से काफी मिलती-जुलती है।"



### करम और तृप्ति मिश्रा महाकाल गये

कलर्स की आगामी पेशकश 'कयामत से कयामत तक' पुनर्जन्म का रोमांस है। करम



राजपाल और तृप्ति मिश्रा, उज्जैन के प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर की आध्यात्मिक यात्रा पर निकले। करम कहते है- 'कभी-कभी जीवन के सबसे जादुई पल होते है। वहां आरती हुई और हमें 30-40 मिनट का मंत्रमुग्ध कर देने वाला शुद्ध आध्यात्मिक आनंद मिला।' तृप्ति मिश्रा कहती है- 'उज्जैन शहर जीवन और मृत्यु की चक्रीय प्रकृति पर यकीन करने वाले लोगों का है। हमने महाकालेश्वर मंदिर में जाकर भगवान शिव का आशीर्वाद लेते हुए यात्रा शुरू की। मुझे दिव्य आभा महसूस हुई।'

### नया चैलेंज मिला कीर्ति को

ज़ीटीवी का शो 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन'में मोहन (शबीर अहलुवालिया), राधा (निहारिका रॉय) और दामिनी (संभावना




मोहंती) है। कीर्ति नागपुरे बताती है- नेगेटिव बदलाव ने मेरे सामने नया चैलेंज पेश किया। मुझे बड़ा कमाल का एहसास हो रहा है और तुलसी अब दिलचस्प ग्रे शेड्स में नजर आएंगी। जहां वे राधा और मोहन की जिंदगी में हलचल मचाने का इरादा रखती है।



### पारिवारिक जिम्मेदारियां साझा करने का फैसला

सोनी सब का 'आंगन अपनों का' पिता जयदेव शर्मा (महेश ठाकुर) और उनकी तीन बेटियों के साथ उनके अटूट बंधन की दिल छूने वाली कहानी है। पल्लवी (आयुषी खुराना), आकाश (समर वरमानी) और उसका परिवार आतंकवादियों द्वारा अपहृत है। समर वरमानी कहते है- 'मेरा मानना है कि अगर कोई महिला अपने पति के साथ रहने के लिए अपना घर छोड़ सकती है तो कोई पुरुष ऐसा क्यों नहीं कर सकता है।'आयुषी खुराना कहती है- 'आधुनिक महिला के रूप में मानना है कि आज की दुनिया में पुरुष और महिला दोनों अपने परिवार की ज़िम्मेदारियां उठा सकते है और उन्हें समान रूप से साझा कर सकते है।'





### राशि खन्ना ने राज खोला

हाल ही में इंस्टाग्राम में राशि खन्ना ने अपनी दुनिया के दरवाजे खोले और जानकारी साझा की। राशि ने जीवन के तमाम पहलुओं पर प्रकाश डाला। विक्रांत मैसी और साथी अभिनेताओं के साथ काम करने का अनुभव बांटा। राशी ने खुलासा किया कि उनकी पसंदीदा किताबों में 'द फाउंटेनहेड', '112 वेज़ टू मेडिटेशन' और मैसी का उपहार 'मिडनाइट लाइब्रेरी' है। महेश बाबू, थलपति विजय, शाहरुख खान, ऋतिक रोशन और अल्लू अर्जुन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त किया। संजय लीला भंसाली से लेकर जोया अख्तर, राज कुमार हिरानी, मणिरत्नम, अनुराग कश्यप और विधु विनोद चोपड़ा की तक ड्रीम डायरेक्टोरियल लाइनअप है। खन्ना ने मैसी के साथ रिश्ते के बारे में चर्चा की। जोड़ी ने दो फिल्मों, 'टीएमई' और 'साबरमती एक्सप्रेस' में स्क्रीन साझा की है। खन्ना ने मैसी की प्रशंसा करते हुए उन्हें शानदार अभिनेता बताया। वह 15 मार्च को रिलीज होने वाली फिल्म "योद्धा" के लिए शूटिंग करने को तैयार है। 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिद्धार्थ महान है।

### केदार शिंदे का मंगलागौर

बाइपन भारी देवा फैमिली ड्रामा, हंसी-मजाक और आंसुओं का संगम है। एक-दूसरे से अजनबी छह बहनों की कहानी, जिन्हें मजबूरी में मंगलागौर (विवाहित महिलाओं का त्यौहार) प्रतियोगिता के लिये साथ होना पड़ता है। माधुरी शिंदे द्वारा निर्मित, वैशाली नाइक द्वारा लिखित और केदार शिंदे द्वारा निर्देशित है। इनमें रोहिणी हट्टंगडी,




वंदना गुप्ते, सुकन्या कुलकर्णी, नूतन असगांवकर, सुरुचि अदारकर और सुचित्रा बेंदेकर शामिल हैं। केदार शिंदे ने कहा- 'मैंने अपनी जिन्दगी में मौजूद वास्तविक महिलाओं की भावनाओं को देखा है और बहनों के बीच के प्यार की सराहना करती है।' रोहिणी हट्टंगडी ने कहा, 'मेरे लिये बेहद खास अनुभव रहा। मैं निजी तौर पर इस कहानी से रिलेट करती हूं, इसके अलावा हमारी केमिस्ट्री, किरदार और डायलॉग्स सब-कुछ परफेक्ट रहा।' मूवी डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।

## दूसरा टेस्ट: इंग्लैंड को 253 रन पर समेटकर टीम इंडिया ने बनाई 171 रनों की बढ़त

# जायसवाल के यशस्वी दोहरे शतक से इंग्लैंड बैकफुट पर



**विशाखापट्टनम,(एजेंसी)।** यशस्वी जायवाल (209) के शानदार दोहरे शतक के बाद जसप्रीत बुमराह (45 रन पर 6 विकेट) के कातिलाना प्रहार से भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड के खिलाफ कुल 171 रनों मजबूत बढ़त बनाई। भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए जिसके जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 253 रन पर सिमट गई।

इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक रन जैक क्रॉली (76) ने बनाए। भारत ने स्टंप्स तक दूसरी पारी में बगैर नुकसान के 28 रन बना लिए है। इससे पहले जयसवाल ने अपना करिश्माई पहला टेस्ट दोहरा शतक बनाया, लेकिन इंग्लैंड ने बाद मेजबान टीम 396 रन पर आउट हो गई। ओवरनाइट बल्लेबाज रविचंद्रन अश्विन ने कुछ शानदार चौके लगाए, लेकिन भारत की पुंछल्ले बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे ज्यादा देर तक नहीं टिक सके।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी (336/6 से आगे) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी कै. बेयरस्टो बो. एंडरसन | 209 | 290 | 19/7 |
| रवि अश्विन कै. फोक्स बो. एंडरसन | 20 | 37 | 4/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 08 | 42 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह कै. रूट बो. रेहान | 06 | 09 | 1/0 |
| मुकेश कुमार रूट बो. बशीर | 00 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 2, **कुल:** 112 ओवर में 396 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन:** 1-40, 2-89, 3-179, 4-249, 5-301, 6-330, 7-364, 8-383, 9-395, 10-396, **गेंदबाजी:** जेम्स एंडरसन 25-4-47-3, जो रूट 14-0-71-0, टॉम हार्टली 18-2-74-1, शोएब बशीर 38-1-138-3, रेहान अहमद 17-2-65-3,

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्रॉली कै. श्रेयस बो. अक्षर | 76 | 78 | 11/2 |
| बेन डकेट कै. रजत बो. कुलदीप | 21 | 17 | 4/0 |
| ऑली पोप बो. बुमराह | 23 | 55 | 2/0 |
| जो रूट कै. गिल बो. बुमराह | 05 | 10 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो कै. गिल बो. बुमराह | 25 | 39 | 4/0 |
| बेन स्टोक्स बो. बुमराह | 47 | 54 | 5/1 |
| बेन फोक्स बो. कुलदीप | 06 | 10 | 1/0 |
| रेहान अहमद कै. गिल बो. कुलदीप | 06 | 15 | 1/0 |
| टॉम हार्टली कै. गिल बो. बुमराह | 21 | 24 | 2/1 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बुमराह | 06 | 19 | 1/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 08 | 15 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 09, **कुल:** 55.5 ओवर में 253 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन:** 1-59, 2-114, 3-123, 4-136, 5-159, 6-172, 7-182, 8-229, 9-234, 10-253, **गेंदबाजी:** जसप्रीत बुमराह 15.5-5-45-6, मुकेश कुमार 7-1-44-0, कुलदीप यादव 17-1 7-1-3, रवि अश्विन 12-0-61-0, अक्षर पटेल 4-0-24-1,

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 15 | 17 | 3/0 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 13 | 13 | 3/0 |

**अतिरिक्त:** 00, **कुल:** 5 ओवर में बिना विकेट खोए 28 रन, **गेंदबाजी:** जेम्स एंडरसन 2-0-6-0, शोएब बशीर 2-0-17-0, रेहान अहमद 1-0-5-0.

### यशस्वी के अलावा 40 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके अन्य भारतीय

भारत की पहली पारी में यशस्वी के 209 रनों के अलावा भारत का कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक तो छोड़े, 40 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया। मतलब भारतीय पारी के 50 प्रतिशत से अधिक रन यशस्वी के बल्ले से निकले हैं। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी बल्लेबाज ने पारी में 200 रन का आंकड़ा पार किया हो, वहीं टीम को कोई अन्य बल्बल्लेबाज 50 रन भी नहीं बना पाया हो। वहीं वर्ल्ड क्रिकेट में यह दूसरी घटना है जब किसी बल्लेबाज ने दोहरा शतक जड़ा हो और टीम का बल्लेबाज 34 से अधिक रन ना बना पाया है।



जसप्रीत बुमराह 6 विकेट

### बुमराह सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बने

- भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 6 विकेट लिए। टेस्ट क्रिकेट में बुमराह का ये 10वां पांच विकेट हॉल था।
- बुमराह सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए हैं। वह स्पिनर इरापल्ली प्रसन्ना और अनिल कुंबले के साथ संयुक्त रूप से तीसरे सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं, जिन्होंने 34 मैचों में 150 टेस्ट विकेट भी पूरे किए। सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट लेने का भारतीय रिकॉर्ड रविचंद्रन अश्विन(29 मैच) के नाम है।
- बुमराह सबसे कम गेंदों पर 150 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बन गए हैं। जसप्रीत बुमराह ने 6781 गेंदों में 150 विकेट लिए। उमेश यादव ने 7661 में ये उपलब्धि हासिल की थी। शमी ने 7755 गेंद और दिग्गज कपिल देव ने 8378 गेंद में 150 विकेट पूरे किए थे।
- जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के जो रूट को टेस्ट की 20 पारियों में आठवीं बार आउट किया। बुमराह ने अपने टेस्ट करियर में सबसे ज्यादा बार जो रूट को आउट किया। जो रूट ने बुमराह का 20 पारियों में सामना किया है।

### यशस्वी ने अपने नाम किए कई रिकॉर्ड्स

#### टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले चौथे बाएं हाथ के बल्लेबाज बने

यशस्वी टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले चौथे बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। इससे पहले सौरव गांगुली ने पाक के खिलाफ 2007 में 239 रन, विनोद कांबली (दो बार) ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 1993 में 227 रन और इंग्लैंड के खिलाफ 1993 में 224 रन और गौतम गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2006 में 206 रन बनाए थे।

#### टेस्ट में सबसे कम पारियों में पहला दोहरा शतक लगाने वाले छठे भारतीय

यशस्वी टेस्ट में सबसे कम पारियों में पहला दोहरा शतक लगने वाले भारतीय खिलाड़ियों की फेहरिस्त में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 10 पारियों में ऐसा किया। करुण नायर इस फेहरिस्त में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने ने महज तीन पारियों में डबल सेंचुरी बना दी थी। उनके बाद विनोद कांबली (4), सुनील गावस्कर (8), मयंक अग्रवाल (8) और चेतेश्वर पुजारा का नंबर है।

#### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में दोहरा शतक जड़ने वाले पांचवें भारतीय

यशस्वी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दोहरा शतक जड़ने वाले पांचवें भारतीय हैं। इससे पहले मयंक अग्रवाल 215 और 202 रन, विराट कोहली 254* रन, रोहित शर्मा 212 रन बना चुके हैं

**जायसवाल**

| 209 | 19 |
|---|---|
| रन | चौके |
| 290 | 07 |
| गेंद | छक्के |

#### टेस्ट में 200 रन बनाने वाले सबसे युवा भारतीय खिलाड़ी

- 21 साल 35 दिन, विनोद कांबली, 224 बनाम इंग्लैंड, 1993
- 21 साल 55 दिन, विनोद कांबली, 227 बनाम जिम्बाब्वे, 1993
- 21 साल 283 दिन, सुनील गावस्कर, 220 बनाम वेस्टइंडीज, 1971
- 22 साल 37 दिन, यशस्वी जायसवाल 209 बनाम इंग्लैंड, 2024

## फैन्स ने यशस्वी के पिता की दुकान पर मनाया दोहरे शतक का जश्न

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** यशस्वी जायसवाल ने जैसे ही शनिवाका को वाइजैग में दोहरा शतक जड़ा, भदोही में लोग जमकर जश्न मनाने लगे। क्रिकेट फैन्स यशस्वी जायसवाल के पिता की दुकान पर पहुंच गए और जमकर ढोल-नगाढ़े बजाए गए। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के रहने वाले भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। वहीं मैच से पहले यशस्वी के पिता भूपेंद्र जायसवाल की बात भी हुई थी। उनकी इस सफलता पर उनके होमटाउन सुरियावां में जश्न का माहौल दिखा। ढोल- नगाढ़ों के साथ पटाखे फोड़ते हुए भदोहीवासियों ने यशस्वी के पिता की दुकान पर जश्न



मनाया। वहीं मोबाइल पर मैच देख रहे यशस्वी के पिता ने कहा की यह गौरव की बात है। यशस्वी जायसवाल भदोही जिले के सुरियावा के रहने वाले हैं। उनके पिता भूपेंद्र जायसवाल की सुरियावा में पेंट की दुकान है। बड़ी उम्मीद के साथ उनके पिता अपनी दुकान पर बैठकर मोबाइल में मैच देख रहे थे, इस दौरान जैसे ही यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाया वैसे ही लोग एकजुट होकर यशस्वी के पिता की दुकान पर पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने पर ढोल नगाढ़ों के साथ पटाखे फोड़ते हुए दीवाली जैसा जश्न मनाया गया। इसके बाद लोगों ने जमकर भारत माता की जय के नारे लगाए। इस दौरान यशस्वी के पिता ने कहा कि यह उनके लिए ही नहीं बल्कि पूरे जनपद प्रदेश और देश के लिए बहुत ही गौरव का क्षण है। यशस्वी से कहा था संभालकर खेलना। यशस्वी के पिता भूपेंद्र जायसवाल ने कहा, हम कहेंगे बढ़िया खेले और अच्छा खेले, और भी रिकॉर्ड बनाएं। मेहनत करें जैसे मेहनत करता आया है वैसे ही मेहनत करें और सफल रहे और भदोही जिले का नाम रोशन करें। पूरा सुरियावां नगर खुश है। मैच से पहले हमारी बात हुई थी हमने कहा था कि बहुत संभाल के खेलना। यशस्वी के भाई विशाल जायसवाल भी इस मौके पर काफी खुश नजर आए। विशाल ने कहा कि पूरा परिवार बहुत उत्साहित है, अभी हम लोग मैच देख रहे थे बहुत अच्छा लग रहा था जैसे ही दोहरा शतक पूरा किया, हम लोगों ने सेलिब्रेशन किया। पूरे परिवार को बहुत अच्छा लगा हम लोग चाहते हैं कि ऐसे ही खेलते रहें, रिकार्ड अपने आप बनता रहेगा।

### ब्रीफ न्यूज

#### मेसी व बार्सिलोना के करार का गवाह नैपकिन होगा नीलाम

**लंदन,(एजेंसी)।** दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी का स्पेन के क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ करियर एक नैपकिन पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300,000 पाउंड (लगभग 3.15 करोड़ रुपए) की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स 18 से 27 मार्च तक इस नौपकिन के लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। 14 दिसंबर 2000 की तारीख वाले इस नैपकिन पर गैगियोली, एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं।

#### अस्मिता चालिहा थाईलैंड मास्टर्स के सेमी में हारीं

**बैंकॉक,(एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का प्रभावशाली प्रदर्शन थाईलैंड मास्टर्स के महिला एकल सेमीफाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सुपानिडा काटेथोंग से सीधे गेम में हारकर समाप्त हो गया। गुवाहाटी की 24 साल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 35 मिनट तक चले मुकाबले के सीधे गेमों में 21-13, 21-12 से हराया।

## रामकुमार और बालाजी जीते

### डेविस कप: भारत ने पाक पर 2-0 से बढ़त बनाई

**इस्लामाबाद,(एजेंसी)।** भारत ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के दबाव भरे मैचों में जीत की बदौलत शनिवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना ली। ऐसाम उल हक ने शुरूआती एकल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गए।



रामकुमार ने इस्लामाबाद खेल परिसर में जोश से भरे ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था लेकिन वापसी करते हुए 6-7(3) 7-6(4), 6-0 से जीत हासिल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। इस मैच में 43 वर्षीय ऐसाम ने 10 डबल फॉल्ट की। ऐसाम कड़कड़ाती ठंड में अपने डबल फॉल्ट पर लगाम नहीं लगा सके जबकि रामकुमार ने जैसे जैसे मैच आगे बढ़ा अपने रिटर्न बेहतर करना शरू किया। बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में युगल विशेषज्ञ बालाजी को अकील खान ने चुनौती दी लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को 7-5, 6-3 से पराजित करने में सफल रहे। बालाजी ने मैच पर शिकंजा कसा हुआ था। उन्होंने दोनों सेट में एक एक बार अकील की सर्विस तोड़ी। उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे। भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे।

## सौम्या की शतकीय पारी से जीता मध्यप्रदेश

### अंडर-23 वनडे ट्रॉफी: असम को हराकर ग्रुप में टॉप पर पहुंचा

**भोपाल,(खेसं)।** कप्तान सौम्या तिवारी के नाबाद शतक की बदौलत मध्यप्रदेश ने अंडर-23 वनडे ट्रॉफी नेशनल टूर्नामेंट में असम को 154 रनों से हराया।

इस जीत के साथ मप्र अपने ग्रुप मे टॉप पर पहुच गया है। भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेई क्रिकेट ग्राउंड लखनऊ में मध्य प्रदेश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए। मध्य प्रदेश ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में 4 विकेट खोकर 237 रन बनाए। प्रदेश की ओर से कप्तान सौम्या तिवारी ने 142 गेंदों पर नाबाद 103 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने अनुष्का के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी की। इसके अलावा अनुष्का शर्मा ने 63 रन, संस्कृति गुप्ता ने 25 व आयुषी शुक्ला ने 17 रनों का योगदान दिया। असम के लिए अनामिका बोरी, रीमा पेगु व रश्मि डे ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी असम की पूरी टीम मात्र 83 रनों पर सिमट गई। इसमें गायत्री ने 34 रन, अनामिका बोरी ने 12 व फ्लोरिना ताए ने 11 रनों की पारी खेली। मप्र की वैष्णवी शर्मा ने चार, सूचि उपाध्याय ने दो,



संस्कृति गुप्ता प क्रांति गौड़ ने 1-1 एक विकेट लिए। मध्य प्रदेश का अगला मुकाबला केरल से पांच फरवरी को होगा।

#### स्वर्गीय हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति दो दिवसीय क्रिकेट पांच से



**भोपाल, (खेसं)।** ओल्ड कैम्पियन खेल मैदान पर भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के द्वारा स्वर्गीय श्री हुकुम सिंह ठाकुर की स्मृति में दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 5 फरवरी 2024 से किया जाएगा। यह प्रतियोगिता दो प्रारूपों में खेली जाएगी।

#### पूनम ने जीता महाराजा अग्रसेन खिताब

**भोपाल,(खेसं)।** इंटरनेशनल शटलर, मास्टर्स में लगातार 9 बार की नेशनल चैंपियन भोपाल की पूनम तत्ववादी ने योनेक्स-सनराइज महाराजा अग्रसेन ऑल इंडिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में 55 वर्ष वर्ग में महिला एकल का खिताब जीता। वहीं सरगुन अरोरा के साथ इसी वर्ग के महिला युगल में उपविजेता रही। पूनम को इस टूर्नामेंट में कोई सीडिंग नहीं मिली थी। यह टूर्नामेंट मोहाली (पंजाब) में खेला गया। वर्ल्ड मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में 3 पदक जीतने वाली पूनम तत्वावादी ने 55 वर्ग के खिताबी मुकाबले में पूनम से शीर्ष वरीय ज्योति सोमय्या (कर्नाटक) को कड़े मुकाबले में 21-16, 21-19 से पराजित किया। युगल मुकाबलों में पूनम-सरगुन की जोड़ी भी अनसीडेड थी। खिताबी मुकाबले में उन्हें ट्रेसी जोसफ-ज्योति सोमय्या ने 30 मिनट चले कांटे के मुलाबले में 21-19, 21-19 से पराजित किया। राज्य सरकार द्वारा पूनम को प्रदेश के सबसे बड़े खेल सम्मान विक्रम पुरुस्कार से भी अलंकृत किया गया है।



## सीनियर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में मप्र ने हासिल किया दूसरा स्थान

**भोपाल,(खेसं)।** आर्मी रोइंग नोड पुणे में आयोजित 41वीं सीनियर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 2000 मी. और 500 मी. स्पर्धा में खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन कर 07 स्वर्ण, 01 रजत और 05 कांस्य सहित 13 पदक अर्जित प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। शनिवार को मध्यप्रदेश की खुशप्रीत कौर ने 500 मी. सिंगल स्कल इवेन्ट में, रूकमनी और पूनम ने 500 मी. डबल स्कल में और तरूण दांगी और खुशप्रीत कौर की जोड़ी ने 500 मी. मिक्सड डबल स्कल में 1-1 स्वर्ण पदक अर्जित किए। इसके अलावा रोइंग अकादमी की विंध्या संकेत- ज्योति कुशवाह ने 500 मी. ओपन डबल सकल्स में और गुरवानी कौर-दिलजोत कौर की जोड़ी ने कॉक्सलेस पेयर में 1-1 कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रथम स्थान पर सर्विसेज तथा तृतीय स्थान पर आर्मी स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड की टीम रही। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मान.मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, संचालक खेल रवि कुमार गुप्ता, म.प्र. रोइंग संघ के अध्यक्ष स्वराज पुरी और सचिव देवराज सिंह ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की मुक्त कंठ से सराहना की और खिलाड़ियों को बधाई दी।



## डीआरएम ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी पूरी

**भोपाल,(खेसं)।** रेल संस्थान भोपाल द्वारा टेनिस बॉल डीआरएम ट्रॉफी क्रिकेट का आयोजन करने जा रहा है। जिसमें भोपाल डिवीजन के पूर्व दिग्गज भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी और मध्यप्रदेश के प्रतिनिध व युवा प्रतिभा खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रारंभिक प्रतियोगिता में 10 ओवर का मैच होगा। वहीं फाइनल 12 ओवर का होगा। इस महासंग्राम में कैश अवॉर्ड के साथ ट्रॉफी और मण्डल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी द्वारा प्रदान किया जाएगा।

गांव की कहानी

डा. टी एल सिन्हा

# धार्मिक महत्व का स्थल है बेलाही घाट





छत्तीसगढ़ के धमतरी जिला के मगरलोड वि.ख. मुख्यालय से 28 किमी उत्तर दिशा में बेलाहीघाट है। प्राचीन काल में बेल वृक्ष की अधिकता के कारण इस स्थल को बेलाहीघाट के नाम से जाना जाता है। इस आश्रम में भगवान श्रीराम-जानकी, बजरंगबली और माता महामाया मंदिर में पुरातन अश्वस्थ (पीपल) वृक्ष की छत्रछाया में लोमश ऋषि का भव्य मूर्ति स्थापित है। इस पीपल वृक्ष की रामायाण के दोहा में-

मेरू शिखर बट छाया, मुनि लोमश आसिन।
देखि चरण सिर नाई, वचन कहैव अतिदीन।

बताया जाता है कि यह वृक्ष पांच हजार वर्ष पुराना है। वर्तमान में यप पीपल वृक्ष पचास फीट मोटा है जो अभी अंदर से खोखला होता जा रहा है। लोमश ऋषि आश्रम के समीप ही एक प्राचीन कुंआ है जहां प्रतिदिन सुबह-शाम आरती होती है। इस आश्रम में प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा, मकर संक्रांति और गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही वर्ष भर अनेक धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। इस स्थान पर रामायणकालीन अनेक साक्ष्य भी देखने को मिलते हैं।

पुस्तक समीक्षा

# जानकी छत्तीसगढ़ी उपन्यास




कृति के नाव: जानकी छत्तीसगढ़ी उपन्यास

कृतिकार: रामनाथ साहू

प्रकाशक: वैभव प्रकाशन रायपुर

समीक्षक: डा. पुष्पलता मिश्रा

मूल्य: दो सौ रुपए


छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपरा को जीने वाले कृतिकार ने छत्तीसगढ़ी उपन्यास जानकी लिखकर एक नए परंपरा की शुरूआत की है। आपने महिला उत्थान के साथ ग्रामीण परिवेश में रहकर मर्यादा और संस्कार को किस तरह आत्मसात किया जाता है, इसे दर्शाने का प्रयास आपने इस उपन्यास में किया है। वैसे भी छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक उपन्यास लिखने का अनुभव आपको रहा है इसलिए विषय-वस्तु को बहुत ही अच्छे ढंग से पाठकों के समक्ष लाने का अच्छा प्रयास आपने की है। आपने लोक को भरपूर समाहित करने का प्रयास इस उपन्यास में किया है। पाठकों को पठन के लिए विवश करता नजर आ रहा है यह उपन्यास।



ग्रामीण अंचल में जेठासी शब्द के उपयोग संपत्ति बंटवारा के बेरा होथे। संपत्ति बंटवारा म घर-दुआर, खेत-खार, बरतन-भाड़ा जइसे घर के जम्मों जिनिस ल ददा ह गांव के मुखिया अउ नामी गिरामी सियान मन के मौजूदगी म अपन बेटा मन ल या फेर बड़े भाई हर अपन नान्हें भाई सन बरोबर बांटथयं। उही बेरा ददा हर सियान मन ले विचार विमर्श करके अपने बड़े बेटा बर एक ठन डोली या फेर थारी-लोटा या फेर दीगर जिनिस ल ये उद्देश्य ले अलगाथें या निकालथय कि अपन सरग सिधारे के बाद बड़े बेटा ह अपन नान्हें भाई बर बाप समान वोकर संरक्षण अउ मार्गदर्शन करय।

# बंटवारा म जेठासी

हमर अंचल म 'जेठासी' शब्द 'जेठ' ले बने हवय अउ जेठ ह हिन्दी के ज्येष्ठ तत्सम के तद्भव रूप आय। येकर शाब्दिक अर्थ होथे बड़े। ग्रामीण अंचल में जेठासी शब्द के उपयोग संपत्ति बंटवारा के बेरा होथे। संपत्ति बंटवारा म घर-दुआर, खेत-खार, बरतन-भाड़ा जइसे घर के जम्मों जिनिस ल ददा ह गांव के मुखिया अउ नामी गिरामी सियान मन के मौजूदगी म अपन बेटा मन ल या फेर बड़े भाई हर अपन नान्हें भाई सन बरोबर बांटथयं। उही बेरा ददा हर सियान मन ले विचार विमर्श करके अपने बड़े बेटा बर एक ठन डोली या फेर थारी-लोटा या फेर दीगर जिनिस ल ये उद्देश्य ले अलगाथें या निकालथय कि अपन सरग सिधारे के बाद बड़े बेटा ह अपन नान्हें भाई बर बाप समान वोकर संरक्षण अउ मार्गदर्शन करय। इही अलगाय जिनिस ह जेठासी आय। नान्हें भाई बर बड़े भाई के हिरदय म प्रेम दुलार सदा बने रहाय, संगे संग बड़े भाई ल जेठासी भेंट करे ले नान्हें भाई के मन म बड़े भाई के प्रति मान सम्मान बने रहय इही उद्देश्य होथय। ये जेठासी भाई भाई म हार्दिक प्रेम संयोजन के जिनिस आय। जेठासी पाय बड़े भाई ह अपन घर परवार अउ सगा सोदर के हर जिम्मेदारी बड़प्पन ले निभाथय अउ वो पुरखौती जिनिस बर परेम रखथय।



संस्कृति : टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

# कलचुरी काल के संबंध कलार जाति ले

*गोंडवाना के गण्डजीवों के सांस्कृतिक मूल्य के संबंध ह कलार वह समुदाय ले हे। गोंडवाना शासन काल के राजा मन ल 'कल' यानि 'शराब' के आपूर्ति करत रिहिन हे। येकरे सेती ऐमन ल गोंडी भाषा में 'कलचूरे किए कलार' यानि कि 'शराब' निकालने वाला मन ल हमर अंचल म 'कलार' केहे जाथे। येहू भात सही लगथे काबर कि कलार समुदाय मन के मुख्य धंधा 'शराब' बनाना रिहिस हे।*



ऐतिहासिक : आचार्य एम.आर. कंगाली

कल्चुरी नरेश ब्राहमण धर्मी विचार ले प्रभावित होके अपन राज में काशी-बनारस ले आए ब्राहमण मन ल अपन राज में जमीन दान देकर स्थायी रूप से रहवासी बना दिस। ब्राहमणी धर्म के विचार ल राजाश्रय मिले ले मावा कोसल नाडू के गण्ड जीव के जो मूल जीव वादी जीवन मार्ग रिहिस वोहा प्रभावित होय लगिस। उंकर मूल पिशाचिक अर्थात गोंडी भाषा के चिंहारी ह मेटावत गिस, अउ भाषा के चिंहारी मिटाय ले सभ्यता के मूल्य ह घलो मेटावत चले गे। अतका होय के बाद घलो मात्र अपन वंशबोधक, कुलबोधक, गण्डचिन्ह मन ल आजो बचा के राखे हवयं। रतनपुर ले मिले शिलालेख ले पता चलथे कि रतनपुर के राजा कमल देव के बाद शंकर साय, मोहनसाय, दादूसाय, बहारसाय, कल्याणसाय, लक्ष्मण साय, शंकरसाय, पुरूषोत्तम साय, त्रिभुवन साय, जगमोहन साय, अदली साय, रणजीत साय, तखत सिंह, सिरदार सिंह आदि कछवा गण्डक चिन्ह धारक राजा होइन जे मन ह घलो संभु महादेव के उपासक रिहिन। कलचुरी राजा मन के जेन अभिलेख मिले हे वोमा इंकर नाव कटचुरी, कतसुरी तथा कटचुती मिलथे। इंकर कलचुरी नाव ले संबोधित करे के पीछू घलो कुछ विद्वान मन कलचुरी नाम के संबंध कलार जाति के वंशज मन ले जोड़े खातिर संकेत करथें अउ अइसना प्रचार-प्रसार घलो करत हवें। फेरे देखे म



घलो आवत हे कि जहां तक गोंडवाना के गण्डजीवों के सांस्कृतिक मूल्य के संबंध ह कलार वह समुदाय ले हे। गोंडवाना शासन काल के राजा मन ल 'कल' यानि 'शराब' के आपूर्ति करत रिहिन हे। येकरे सेती ऐमन ल गोंडी भाषा में 'कलचूरे किए कलार' यानि कि 'शराब' निकालने वाला मन ल हमर अंचल म 'कलार' केहे जाथे। येहू भात सही लगथे काबर कि कलार समुदाय मन के मुख्य धंधा 'शराब' बनाना रिहिस हे, अउ येकरे सेती इही कारण आय कि आजो ऐ मन शासन ले इही आधार म 'शराब' बेचे खातिर लाइसेंस के मांग करथें।

# आंचलिक साहित्य म एकांकी लेखन



लोक साहित्य

उर्मिला शुक्ल

एक अंक के नाटक एकांकी कहाथे। एकांकी के आकार अउ विषय वस्तु छोटे होय के सेती खेले म सहुलियत होथे अउ परभाव घलो बने परथे। छत्तीसगढ़ी नाटक साहित्य म एकांकी के संख्या जादा हे। नाटक के विकास के संगे संगे एकांकी के रचना छत्तीसगढ़ी नाट्य साहित्य म अउ बढ़ोतरी करथे। छत्तीसगढ़ी के परकाशन के बाद एकांकी विधा ल विकास के दिसा मिलथे अउ भूषणलाल मिश्र के रतिहा समदरसी, फकीर दास साहू के अंधेर जमाना, धनंजय के पंच परमेश्वर, नारायण लाल परमार के मंतवार भूल सुधार, मेहतर राम साहू के राजा बेटा चैतराम व्यास के दू पइसा के हाथी, प्यारे लाल गुप्त के दू सऊत, चिंगारी के फूल। लखन लाल गुप्त के बेटी के मंसूबा, वर के खोज, जाग छत्तीसगढ़ जाग, गुरू दक्षिणा अउ बनौकी, टिकेन्द्र टिकरिहा के सउत के डर, किसान दीवान के जस के तस, भावसिंह हिरवानी के तैं थिराबे इहां, मंतर, विश्वेंदर ठाकुर के घुरूवा के दिन फिरगे, जवाहर बंडी, राजिम। श्यामलाल चतुर्वेदी के मया के मोटरी, संतोष कुमार सोनकर के आरूग मया, नंद किशोर तिवारी के परेमा, सबरंग एक, महारसिया अउ नइ जानन का चीज प्रसिद्ध होइस।

# लिखा पत्थर पर उकेरे शैलचित्र

पुरातात्विक

आशा ध्रुव

*ग्राम भोड़िया से यह स्थल लगभग सात सौ वर्ग फीट पर सर्प के फन आकृति के विशाल पत्थर पर बना है। एक शैलचित्र भरत मुनि द्वारा रचित नाट्य शास्त्र में वर्णित तत वाद्य सा लगता है। यह चित्र लगभग तीन से चार फीट लंबाई में गेरूआ रंग से निर्मित है। इन चित्रों में चार लंबी लाइन के तार व इसके दाएं व बाएं भाग में चार चार क्रम में स्वर समायोजन का भाग लगता है।*

जिला कांकेर उत्तर बस्तर के भानुप्रतापपुर परियोजना के कोरर से भानभेड़ा मार्ग पर ग्राम भोड़िया (तोतापारा) के पहाड़ी में एक विशासल पत्थर पर आदि मानवों द्वारा चित्रित शैल चित्र है इस स्थल को ग्रामीण लिखा पत्थर कहते हैं। ग्राम भोड़िया से यह स्थल लगभग सात सौ वर्ग फीट पर सर्प के फन आकृति के विशाल पत्थर पर बना है। एक शैलचित्र भरत मुनि द्वारा रचित नाट्य शास्त्र में वर्णित तत वाद्य सा लगता है। यह चित्र लगभग तीन से चार फीट लंबाई में गेरूआ रंग से निर्मित है। इन चित्रों में चार लंबी लाइन के तार व इसके दाएं व बाएं भाग में चार चार क्रम में स्वर समायोजन का भाग लगता है। इस शैलचित्र को छत्तीसगढ़ी में चिकारा कहते हैं। इसी तरह नृत्य के भाव प्रदर्शित करते शैलचित्र भी दिखाई देते हैं। दूर से देखने पर यह स्थल अत्यंत रमणीय सा लगता है। घने जंगलों के बीच अनेक मानवाकृति की बारीकियां भी इस स्थल को रोचक व रमणीय बना देते हैं। करीब ती से चार किमी के अंतराल विभिन्न तरह के शैलचित्रों का यहां बारीकी से अवलोकन करने पर अनेक तथ्यात्मक जानकारी मिलने की पूरी संभावनाएं हैं।



# गोंड समुदाय में गंड चिंह



पुरातात्विक

आचार्य मोतीराम

ऋग्वेदिक काल 1500 ई.पू. से 1000 ई. पू. तक माना जाता है। इस काल में जब उत्तर भारत में आर्य टोलियों का आगमन हो रहा था, तब गोंडवाना के सभी हिस्सों में आदि गंडजीवों के गंड राज्य थे। इसी काल को लौह युग भी कहा जाता है। सभी गंड जीवों की गंड गोत्र व्यवस्था बारह सगा शाखाओं में विभाजित थी। वर्तमान छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के मल्हार एवं रतनपुर स्थल से पुरावशेष उत्खनन से पता चलता है कि ई. स. पूर्व 1500 से मध्य युग तक यहां एक बड़ी आबादी रही है। वहां मूर, शुंग, सोरी सतवा काल के अवशेष मिले हैं। मूर (बदख), शुंग(जंगली कुत्ता), सीरी सतवा (मिट्ठू) आदि सभी गोंड समुदाये गंड जीवों के गंड चिंह हैं जिनके नाम से वे जाने जाते हैं।

# आईआईवीआर वाराणसी में तीन दिवसीय क्षेत्रीय कृषि मेला का शुभारंभ

## सात राज्यों यूपी,एमपी, उत्तराखंड, बिहार, झारखण्ड, उडीसा, हिमाचल प्रदेश के किसान सम्मिलित हुए, किसानों से परस्पर संवादात्मक शैली में है कृषि विमर्श

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान,वाराणसी में तीन दिवसीय विशाल क्षेत्रीय कृषि मेला का शुभारंभ किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सूर्य प्रताप शाही उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के साथ ही देवी सरस्वती की आराधना स्वरूप गीत प्रस्तुत किया गया जिसे स्वर दिया निवेदिता शिक्षा सदन के संगीत आचार्यों डॉ.पूनम शर्मा, कैलाश जी एवं पद्मा पाठक के साथ छात्राओं वेदिका, खुशी, पलक, चांदनी ईवा, चांदनी के द्वारा आइसीएआर गीत के साथ समारोह का प्रारंभ किया गया` संस्थान के निदेशक डॉ तुषार कान्ति बेहेरा ने प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए मेले की प्रासंगिकता पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला और संस्थान द्वारा कृषक हितों में सतत रूप से कार्य करते रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। मेला के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए मंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकार किसानों के हित में कार्य करने हेतु कृतसंकल्प है उन्होंने कहा कि आज न देश केवल खाद्य उत्पादन में आत्म निर्भर हो चला है बल्कि हम विदेशों में कृषि उत्पादों का निर्यात भी कर रहे है और उसके माध्यम से किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। मंत्री जी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सक्रियता से किये जा रहे कृषि एवं किसान उपयोगी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी नए कृषि विश्विद्यालयों की स्थापना,केवीके की स्थापना, विपणन प्रणाली में व्यापक सुधार,खाद्य प्रसंस्करण के अवदान शामिल हैं` समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ. मंगला राय, पूर्व सचिव एवं महानिदेशक, आइसीएआर ने सेकेंडरी एग्रीकल्चर यानि उद्यागों के अवशेषों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से किसानों को लाभ पहुचाने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि बात तो जैविक फार्मिंग की होती है परन्तु अवशेषों के प्रसंसकरण के माध्यम से वेस्ट को वेल्थ में परिवर्तित कर-के किसानों को लाभ पहुँचाया जा सकता है उन्होंने सूक्ष्मजीवों के व्यापक प्रसार से मृदा स्वास्थ्य संवर्धन पर जोर दिया उन्होंने कहा कि भविष्य में किसानों के साथ साथ कृषि संस्थानों एवं सरकार के नीति





निमार्ताओं को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के साथ ही जलवायु परिवर्तन के प्रभावों, जैविक उत्पादों, खाद्यान्न भंडारण,कृषि विपणन, प्रसंस्करण एवं कृषि से स्वरोजगार जैसे मुद्दों पर चिंतन की आवश्यकता है। उपस्थित अतिथि आइसीएआर के उपमहानिदेशक डॉ. यू.एस. गौतम ने कृषि प्रसार एवं अभियांत्रिकी के विभिन्न उपायों द्वारा किसानों की आय उन्नयन हेतु उपयोग किये जाने पर जोर देते हुए कहा की आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं ड्रोन टेक्नोलॉजी के माध्यम से खेती का भविष्य बेहतर किया जा सकता है` आइसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पाण्डेय ने कहा कि इस मेले में विभिन्न स्तरों पर किसानों के साथ सीधे संवाद किया जा रहा है जिससे किसान वर्त्तमान की चुनौतियों से अवगत होने के साथ ही इनसे निपटने के तरीके भी सीख रहे हैं इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के किसानों का सम्मान भी किया गया और पुरस्कार वितरण किया गया।

आइसीएआर हेड क्वार्टर से कई प्रमुख अधिकारी सम्मिलित हुए कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रधान वैज्ञानिक डॉ नीरज सिंह ने किया` उद्घाटन सत्र में विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, संस्थानों के निदेशकों और कृषि वैज्ञानिकों के साथ ही छात्र छात्राएं,किसान,उद्यमी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं सम्मिलित रहीं। किसान मेला के पहले दिन कृषक - वैज्ञानिक संवाद के रूप में पहला सत्र आयोजित किया गया जिसके अध्यक्ष बीज अनुसंधान संस्थान,मऊ के निदेशक डॉ. संजय कुमार रहे इस सत्र में श्री अन्न के पोषण एवं उत्पादकता से आय संवर्धन पर हैदराबाद स्थित भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.राजेंद्र चपके ने किसानों से संवाद किया साथ ही आइआइवीआर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.एस के सिंह ने पर्यावरण हितैषी कार्बनिक (जैविक) कृषि पर चर्चा किया सत्र के समन्वयक आइआइवीआर के वैज्ञानिक अनुराग चौरसिया रहे।

दूसरे तकनीकी सत्र उन्नत कृषि उत्पादन प्रणाली में उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में कृषि शोध एवं शिक्षण पर परिचर्चा प्रस्तुत किया` भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र कुमार ने मृदा उर्वरता एवं पोषण सुरक्षा में दलहनी फसलों के योगदान पर किसानों को विस्तार से बताया। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के डॉ.वी पी सिंह ने गन्ना उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की भारतीय गेंहू एवं जौ अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ रतन तिवारी ने गेंहू की पोषकतायुक्त फसल के उत्पादन पर किसानों को जानकारी दी` सरसों अनुसन्धान निदेशालय के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार ने तिलहनी फसलों की खेती और इरी की डॉ उमा महेश्वर ने धान की खेती के वैज्ञानिक पहलुओं पर व्याखान दिया दूसरे सत्र में डॉ पी के राय अध्यक्ष,डॉ.संजय सिंह सह-अध्यक्ष एवं डॉ सुदर्शन मौर्य समन्वयक के रूप में उपस्थित थे सायंकाल में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया।

# काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता में रितिका यादव को द्वितीय स्थान

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता का तृतीय राउण्ड गिरजा देवी सांस्कृतिक संकुल चौकाघाट में सम्पन्न हुआ जिसमें टीम-6 के गर्ल्स ग्रुप डिग्री कालेज को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ जिसमें सुधाकर महिला पी० जी कालेज, खजुरी पाण्डेयपुर वाराणसी के बी.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रितिका यादव भी सम्मिलित रही जबकि प्रथम राउण्ड महाविद्यालय स्तर पर और द्वितीय राउण्ड जोनल स्तर पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रभु नारायण दूबे, समन्यवक डॉ० अशोक कुमार पाण्डेय, उपप्राचार्या डॉ० रमा दूबे, निदेशक आशीर्वाद दूबे,




सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री धर्म नारायण दूबे, डॉ. मंजु त्रिपाठी, डॉ० मनोरमा तिवारी, डॉ० श्याम सुन्दर मिश्रा, डॉ० राजकुमार श्रीवास्तव, डॉ० ऊषा उपाध्याय, डॉ० प्रीति सिंह, डॉ० शालिनी मिश्रा, डॉ० अनीश उपाध्याय,डॉ० अवनीश पाण्डेय, डॉ० आशुतोष मिश्रा, डॉ.सत्येन्द्र, डॉ० पूजा सिंह,डॉ. प्रीति वर्मा आदि समस्त शिक्षकों ने आशीर्वाद, शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। यह प्रतियोगिता काशी के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक मन्दिर,घाट,साहित्य, संगीत एवं पत्रकारिता सहित अन्य विषयों से सम्बन्धित विषयों पर आधारित काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनवरी से 3 फरवरी 2024 तक विभिन्न चरणों में किया गया।

# अजय कुमार को राष्ट्रीय क्रान्तिकारी समाजवादी पार्टी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया




प्रखर पूर्वांचल सहजनवां गोरखपुर। राष्ट्रीय क्रान्तिकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के निर्देश पर अजय कुमार को जिला अध्यक्ष गोरखपुर नियुक्त किया गया है अजय कुमार 324-विधानसभा सहजनवां अन्तर्गत ग्राम दएवआपआर डुगडुई,पाली के मूल निवासी हैं। इसके बाद उम्मीद जताई है कि आगामी लोग सभा चुनाव में सपा प्रत्याशी को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा करेंगे। इसके साथ ही नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थकों में भारी उत्साह दिखा तथा पूर्व विधायक सहजनवां यशपाल सिंह रावत जिला उपाध्यक्ष गिरीश यादव जिला महासचिव रामनाथ यादव राजेंद्र यादव दूधनाथ मौर्य मुरारी मौर्य जयप्रकाश यादव सुशील विश्वकर्मा रामदयाल यादव सुशील राय ताज मोहम्मद मजनू, कृष्णा यादव ने प्रसन्नता जाहिर की एवं बधाई दी है।

# जिलाधिकारी यसराज लिंगम ने सोलर रूफटाप के 200 लाभार्थियों को किया सम्मानित, दिया प्रमाण-पत्र

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। 25000 सोलर रूफटाप अभियान वाराणसी योजनांतर्गत कलेक्ट्रेड सभागार में सम्मान समारोह आयोजित कर जिलाधिकारी वाराणसी यसराज लिंगम के द्वारा सोलर रूफटाप के 200 लाभाथीयों को ध्वज वाहक के रूप में करते हुए प्रमाण-पत्र वितरित किया गया ,जिलाधिकारी वाराणसी ने अपने संबोधन में सोलर रूफटाप योजना के लाभ के संबंध में कहा गया कि सोलर रूफटाप योजना बहुत ही उपयोगी योजना है सोलर रूफटाप पर वर्तमान में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान किया जा रहा है` सोलर रूफटाप के उपयोग से आने वाले समय में बिजली के बचत के साथ-साथ पर्यावरण को भी प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। वर्तमान में जनपद वाराणसी में दो माह में 25000 सोलर रूफटाप लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसका यूपीनेडा द्वारा व्यापक रूप से डोर टू डोर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है जिससे लोगो में सोलर रूफटाप के प्रति जागरूकता आ रही है और हमे विश्वास है कि हम जल्द ही इस टारगेट को पूर्ण कर लेगे। संबोधन के अन्त में जिलाधिकारी द्वारा सोलर रूफटाप के लाभाथीयो को प्रमाण-पत्र दिया गया गया` कलेक्ट्रेड सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में यूपीनेडा विभाग के





समस्त नोडल अधिकारी,यूपीनेडा में इम्पैनल्ड वैण्डर आदि उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार ने धूमधाम से मनाया वरिष्ठ समाजसेवी जयनारायण पंडित का जन्मोत्सव

कल्याण। वरिष्ठ समाजसेवक और अग्रवाल कॉलेज तथा सोनावणे कॉलेज के संस्थापक और ट्रस्टी जयनारायण (मुन्ना) पंडित का जन्मोत्सव यशोदा हॉल जोशीबाग कल्याण (प) पर हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर एक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसका सैकड़ों लोगों ने लाभ लिया। गायत्री परिवार के माध्यम से पंडित जी के जन्मोत्सव निमित्त एक पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन भी किया गया।

**यज्ञ में शामिल हुए 200 परिवार**- इस यज्ञ में लगभग 200 परिवारों ने हिस्सा लिया। इस यज्ञ की पूर्णता दोपहर के फलाहार भंडारा से हुई जिसका लाभ सैकड़ों भक्तजनों ने लिया। शाम को करण पांडेय और उनकी टीम द्वारा संगीमय श्री सुंदर कांड का पाठ किया गया। जिसे सुन कर भक्त गण भक्ति रस में झूम उठे। शाम को वरिष्ठ समाजसेवी जयनारायण (मुन्ना) पंडित को जन्मदिन की बधाई देने के लिए लोगों का तांता लग गया। इस समय राजनैतिक, धार्मिके, सामाजिक के साथ हर क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।




**बधाइयां देने के लिए हर क्षेत्र की हस्तियां रहीं उपस्थित**- इस मौके पर साहित्यकार रामचन्द्र पांडेय, बालाराम कराले, मुरलीधर तिवारी, नरेश पाटिल, अग्रवाल कॉलेज के चेयरमैन डॉ आर बी सिंह,भू पू नगरसेवक इफ्तेखार खान, जिमी मोराइस,ओमप्रकाश पांडेय "नमन", वरूण पाटिल तथा उद्योगपति श्रीचंद केसवानी, वसनजी देढ़िया, पत्रकार राकेश पांडेय सहित हर क्षेत्र की हस्तियों ने शाल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ देकर पंडित मुन्ना का सम्मान किया और उन्हें बधाइयां दी। श्री सुंदर कांड पाठ निमित्त आयोजित महाप्रसाद भंडारे का सभी ने लाभ लिया। सभी मान्यवरों का अभिनंदन और आभार मंच संचालन कर रहे विजय पंडित ने माना।

# जागरूकता अभियान के तहत प्रचार वाहन को जुबैर अहमद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रखर संतकबीरनगर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश सुबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के प्रयास से सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी लाभकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए नित नई योजनाएं चलाई जा रही है। डबल इंजन के सरकार के द्वारा आम जनमानस को इसका लाभ मिले इसके लिए सरकार सदैव तत्पर और तैयार खड़ी है चाहे बात प्रधानमंत्री आवास योजना का हो या शौचालय की हो या उजाला योजना के तहत गैस सिलेंडर की हो किसान सम्मन निधि की ओर इन तमाम सभी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के आम जनमानस तक पहुंचा जा रहा है इसी क्रम में भाजपा समर्थित राष्ट्रवादी मुस्लिम पशमादा महा समाज के तत्वाधान में आने वाले 7 तारीख को संत कबीर नगर जिले के सबसे बड़े ब्लॉक सिमरिया हुआ के अंतर्गत पचदेवरा गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले गरीब तबके के लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान चलाकर लोगों को



सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी । बिना भेदभाव के मिलने वाले इस सरकारी योजनाएं कया हैं और इसका लाभ कैसे मिले इन्हीं सभी बातों को ध्यान में रखते हुए आज राष्ट्रवादी मुस्लिम पशमादा महाराज के जिला प्रभारी जुबेर अहमद के नेतृत्व में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमदा महाराज के प्रचार वहां को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का उद्देश्य है की आगामी 7 तारीख को पचदेवरा में होने वाले वृहद कार्यक्रम के बारे में लोगों को जानकारी प्राप्त हो सके और इस कार्यक्रम में भारी संख्या में जनमानस उपस्थित होकर राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमादा महाज के कार्यों और उसके उद्देश्य के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमदा महाज के जिला प्रभारी जुबेर अहमद ने जनमानस से अपील की है कि भारी सी भारी संख्या में उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा अपने हक और अधिकार को जाने। आगामी 7 तारीख को पचदेवरा में होने वाले इस वृहद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे संत कबीर नगर जिले के भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव। भाजपा समर्थित राष्ट्रवादी मुस्लिम पशमादा महाज के जागरूकता अभियान कार्यक्रम के प्रचार वहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने वाले जिला प्रभार जुबैर अहमद, जिला उपाध्यक्ष जनाब वहाबुद्दीन साहब ,अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद सुहैल, अशरफ खन्ना, इकबात पठान, जफर हुसैन, शमीम अहमद, मोहम्मद अनश, अबूजार सिद्दिक, गुलाब खान, नफीश अंसारी, आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के क्रम में छात्रों को यातायात के नियमों एवं सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया गया व दिलाई गई शपथ



प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी यातायात परमहंस द्वारा शासन के निर्देश के क्रम में चलाए जा रहे दिनांक 15.01.2024 से 14.02.2024 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के क्रम में आज दिनांक 04.02.2024 को प्रभारी यातायात और स्वयं सेवी संस्था एहसास डे केयर सेंटर खलीलाबाद के संचालक श्री आनंद और उनके कर्मचारियों के साथ पायनियर कोचिंग सेंटर में छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई तथा नियमों के पालन हेतु शपथ दिलाई गयी। साथ ही साथ आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने वाले छात्र तथा छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान प्रभारी यातायात परमहंस, हे0का0 आनंद मोहन सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नैक की तैयारियों में जुटा विद्यापीठ



वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को नैक की संजीवीता एवं प्रमाणिकता के लिए अकादमीक एवं प्रशासनिक तैयारियों के लिए अपनी शक्ति के प्रयोग में दिन-रात एक किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी ने कल से लेकर आज तक नैक समन्वयक प्रो. महेन्द्र मोहन वर्मा एवं उनकी टीम के साथ एक-एक विभाग एवं प्रशासनिक स्तर की निरिक्षण-परिक्षण किया। राजभवन से निर्देशित नैक नियमों के अवलोकन में परिक्षण की जानकारी राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल. जॉनी ने जानकारी लिया। डॉ. जॉनी के समक्ष नैक समन्वयक प्रो. वर्मा के टीम से डॉ. निशा सिंह ने प्रस्तुति दी। इस नैक प्रस्तुति में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनीता पाण्डेय उपकुलसचिव हरिश्चन्द्र, प्रो. रश्मि सिंह, प्रो.शैलेन्द्र, प्रो. संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

### अबुशहीद बाबा के उर्स में की गई चादर पोशी




खेतासराय (जौनपुर)। हर साल की तरह इस साल भी नगर के पोस्ट आफिस के सामने स्थित अबुशहीद बाबा की मजार के परिसर मे शनिवार की देर शाम उर्स मनाया गया। उर्स के कार्यक्रम की शुरूआत कुरआन ख्वानी और चादरपोशी करके की गई। मगरिब की नमाज के बाद जलसे की शुरूआत कारी जलालुद्दीन ने तेलावत कुरआन पाक करके की गई। मुफ्ती ओवैस मिस्बाही, कारी इमरान तथा कारी मेराज ने नतिया कलाम पेश किया। जलसे को संबोधित करते हुए मौलाना खालिद मिस्बाही ने कहा शहीद और औलिया की शिक्षाएं हमेशा प्रासंगिक रहती है। इनकी पैरवी करके ही हम ईमान की रोशनी पा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से हाफिज शफीकुल कादरी, सैयद ताहिर, लायक अली खां, हाजी नेसार अहमद इराकी, नूर मोहम्मद खां, नफीस खां, वसीम खां, उपस्थित रहें। संचालन मोहम्मद असलम खां ने किया।

### किसान मोर्चा द्वारा कार्यशाला का आयोजन



प्रखर चोलापुर वाराणसी। स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत बबियाव गांव में किसान मोर्चा चोलापुर मंडल द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा गांव-गांव में किसानों को सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बारे में बताया गया और साथ ही कई प्रकार के लाभ पहुंचाया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष ललितेश सिंह द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह "बीरू", अनिल सेठ, शैलेंद्र रघुवंशी, विजय बहादुर सिंह, जिला मंत्री शैलेश मिश्रा, जिला प्रभारी शेषधर चौबे व मंडल के किसान मोर्चा की समस्त पदाधिकारी सहित क्षेत्र के दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

### आउटडोर एल.ई.डी. होर्डिंग के माध्यम से गाँवों में पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर संतकबीर नगर। विकास खण्ड हैंसर बाजार राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जिला पूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन जल जीवन मिशन हर-घर जल के अंतर्गत आउटडोर एल.ई.डी. होर्डिंग एक्शन फॉर रूलर डेवलपमेंट की टीम को विकाश खण्ड अधिकारी श्री राम प्रताप पाण्डेय, सहायक विकास अधिकारी पंचायत गजानन पॉल व सचिन व ग्राम प्रधान एवं अन्य अधिकारी गण द्वारा हरी झंडी दिखाकर विकास खण्ड स्तरीय व राजस्व स्तरीय एल.ई.डी. होर्डिंग फ्लेक्सी बैनर



जनपद स्तरीय तहसील, ग्राम पंचायत व राजस्व स्तर के लिए रवाना किया। जो पूरे ब्लाक स्तरीय व राजस्व स्तरीय पर आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से जन जागरूकता का कार्य करेंगी एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट संस्था डी.पी.सी. सक्षम प्रताप सिंह व सहायक डी.पी.सी. नीरज जायसवाल के द्वारा ब्लॉक स्तर, राजस्व एवं ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया गया।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं